दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 162
कोटद्वार शनिवार
7 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## किशोरी की छाती से निकाला 2.5 किलो का ट्यूमर

**ऋषिकेश ।** एम्स संस्थान के सीटीवीएस विभाग के पीडियाट्रिक हार्ट सर्जन डॉ. अनीश गुप्ता ने बताया कि जब बिजनौर निवासी 13 वर्षीय खुशनुमा को एम्स लाया गया, तो उसकी हालत बहुत ही गंभीर थी। उसके शरीर का वजन बहुत ही कम था। इलाज होना असंभव सा लग रहा था। लेकिन किशोरी की छाती की सर्जरी कर हाई रिस्क ट्यूमर निकालने का जोखिम भरा निर्णय लिया गया और तकरीबन 2 घन्टे की मेहनत के बाद इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इस दौरान क्रिटिकल कंडीशन की वजह से सर्जरी के बाद किशोरी को 2 बार वेन्टिलेटर सपोर्ट की आवश्यकता पड़ी। एम्स ऋषिकेश के चिकित्सकों ने जटिल सर्जरी कर किशोरी की छाती से ढाई किलो का ट्यूमर सफलता पूर्वक निकाला। एम्स की कार्यकारी निदेशक डा. मीनू सिंह ने चिकित्सकीय टीम को बधाई दी। सर्जरी करने वाली चिकित्सकीय टीम में सीटीवीएस विभाग के डॉक्टर अनीश गुप्ता, एनेस्थेसिया के डॉ. प्रवीण तलवार, डा. प्रदीप कुमार, डॉ. ईशान, शुभम, अभिशो, मंगेश, पूजा, जूपी, धरम, चांद, केशव, गौरव, प्रियंका, अमित, गीता आदि शामिल रहे।

## 9 साल की मासूम से दुष्कर्म का आरोपी मकान मालिक गिरफ्तार

**देहरादून (सं)।** नौ साल की मासूम को डराकर दुष्कर्म करने के आरोपी को नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने गिरफ्तार लिया। आरोपी के यहां पीड़ित लड़की का परिवार किराये पर रहता है। एसओ नेहरू कॉलोनी लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि पीड़िता के परिजनों ने तहरीर दी। बताया कि वह थाना क्षेत्र में एक मकान में किराये पर रहते हैं। मकान मालिक परिवार से विशाल नाम का युवक जुड़ा है।

कहा कि गुरुवार को उनकी नौ वर्षीय बेटी काफी घबराई हुई थी। उसने पूछा तो बताया कि विशाल ने उसके साथ गलत काम किया है। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसने दो महीने पहले भी यही हरकत की थी। तब किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसे पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## मुंबई के गोरेगांव में बहुमंजिला भवन में आग लगने से सात लोगों की मौत, 39 घायल, 46 को बचाया

**मुंबई, एजेसी।** मुंबई के गोरेगांव में एक इमारत में शुक्रवार तडक़े आग लगने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 39 घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। अग्निशमन सूत्रों के अनुसार आजाद मैदान के पास एमजी रोड पर जय भवानी बिल्डिंग में तडक़े करीब तीन बजे लगी, जिससे सात लोगों की मौत हो गई। इमारत से 46 लोगों को बचाया गया है।

सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। उधर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ऐलान किया है कि मृतकों के परिजनों को राहत के तौर पर पांच-पांच लाख रुपए दिए जाएंगे।



### सीएम धामी ने की जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम से शिष्टाचार भेंट

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कनखल स्थित जगतगुरु आश्रम में जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम से शिष्टाचार भेंट की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही मोदी सरकार: केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के दुरुपयोग पर एक बार फिर केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार ने विपक्ष के नेताओं, उद्योगपतियों, उद्योग और व्यापार में भय का माहौल पैदा कर दिया है।



श्री केजरीवाल ने आज गाजीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से कहा कि हम लोग पूरे देश के अंदर देख रहे हैं कि झूठे केस लगाकर विपक्ष के नेताओं और पार्टियों को निष्क्रिय और डराने की कोशिश की जा रही है। कई लोगों को तोडक़र भाजपा अपनी पार्टी में शामिल कर रही है, जो कि जनतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। इसमें केवल विपक्षी नेताओं को ही निशाना नहीं बनाया जा रहा है, बल्कि देशभर में उद्योगपतियों को भी निशाना बनाया जा रहा है। ये देखकर बड़ा दुख होता है कि पिछले 5-7 साल के अंदर लगभग 12-13 लाख बहुत अमीर लोगों ने भारत की नागरिकता छोडक़र विदेशी नागरिकता ले ली है। वो भारत छोडक़र चले गए हैं और अपने बिजनेस को भारत में बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश के अंदर डर का माहौल पैदा कर दिया गया है।

इससे देश तरक्की नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि हम चीन से मुकाबला करें। हम चीन से कैसे मुकाबला कर सकते हैं? चीन में घर-घर में उद्योग चल रहे है। हमारे देश में बड़े बड़े उद्योगों को भी चलने नहीं दिया जा रहा है और उनको बंद करते जा रहे हैं। सबके पीछे एजेंसी छोड़ रखी है। ऐसे एजेंसी-एजेंसी का खेल खेलकर भारत तरक्की नहीं करेगा। श्री केजरीवाल ने कहा कि इन्होंने हमारी इतनी सारी जांच करा ली, लेकिन कुछ नहीं निकला।

# एशियाई खेलों में भारत के 100 पदक पक्के!

## हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक जीता, ब्रिज में रजत

**हांगझोऊ, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। फाइनल में भारत ने जापान को 5-1 से हराया और स्वर्ण पर कब्जा किया। भारत के लिए मनप्रीत सिंह (25वें मिनट), अमित रोहिदास (36वें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (32वें मिनट), अभिषेक (48वें मिनट) और हरमनप्रीत (59वें मिनट) में गोल दागे।

ब्रिज में भारतीय टीम ने रजत जीता है। जग्गी शिवदासानी, राजेश्वर तिवारी, संदीप ठकराल, राजू तोलानी, अजय खरे और सुमित मुखर्जी की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक पर कब्जा किया।

कुश्ती में भारत को पदक मिलने का सिलसिला जारी है। अब 20 साल के अमन ने कांस्य पदक जीता है। उन्होंने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर चीन के मिंगु लियू को 11-0 से हराया।महिला कुश्ती के 76 किलोग्राम भारवर्ग फ्रीस्टाइल स्पर्धा में भारत की किरण बिश्नोई ने कांस्य पदक जीता है। उन्होंने मंगोलियाई पहलवान अरिउनजर्गाल गनबत को 6-3 से शिकस्त दी।

कुश्ती में सोनम ने महिलाओं के 62 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया है। उन्होंने चीन की लॉन्ग जिया को हराकर पदक अपने नाम किया। यह एशियाई खेल 2023 में भारत का 91वां पदक है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में भारत के 100 पदक पक्के हो चुके हैं। अलग-अलग खेल में नौ भारतीय खिलाड़ी अपना पदक पक्का कर चुके हैं।





अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को चार विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही अफगान टीम ने फाइनल में जगह बना ली है। अब भारतीय टीम खिताबी भिड़ंत में अफगानिस्तान से खेलेगी। अफगान टीम ने भी कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया है। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 115 रन बनाए थे। जवाब में अफगानिस्तान ने छह विकेट खोकर 116 रन बना लिए और मैच अपने नाम किया।

भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजी टीम ने रजत पदक अपने नाम किया है। फाइनल मैच में अतानु, तुषार और धीरज की भारतीय टीम को दक्षिण कोरिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा।

भारतीय कबड्डी टीम ने सेमीफाइनल में पाकिस्तान को एकतरफा अंदाज में 61-14 के अंतर से हरा दिया। इसके साथ ही भारत ने फाइनल में जगह बना ली है और कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया है।सेपक टकरा में भारतीय महिला टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया है। सेमीफाइनल मैच में भारतीय टीम को थाईलैंड के खिलाफ 21-10, 21-13 से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने महिलाओं की रेगु स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है।एचएस प्रणॉय को पुरुषों के सेमीफाइनल में चीन के ली शिफेंग के खिलाफ 21-16, 21-9 से हार का सामना करना पड़ा। उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।रिकर्व तीरंदाजी में भारतीय पुरुष टीम ने क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया को हराया और सेमीफाइनल में जगह बनाई।फ्रीस्टाइल कुश्ती में पुरुषों के 65 किलोग्राम भारवर्ग के सेमीफाइनल में बजरंग पूनिया को हार का सामना करना पड़ा है। इरान के अमोजदखलीली ने उन्हें मात दी। बजरंग के अलावा, अमन, सोनम और किरण को भी सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। ये चारो पहलवान कांस्य पदक के लिए खेलेंगे। कांस्य पदक के मुकाबले दोपहर 2.30 बजे से शुरू होंगे।

भारतीय क्रिकेट टीम ने एशियाई खेल 2023 के फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में भारत ने बांग्लादेश को नौ विकेट से हराया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने फाइनल में जगह बना ली है और कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया है। फाइनल में भारत का सामना अफगानिस्तान और पाकिस्तान के मैच के विजेता से होगा।

इस मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 96 रन बनाए। टीम इंडिया ने एक विकेट खोकर 97 रन बनाए और मैच अपने नाम किया। मैच के बारे में विस्तार से जानने के लिए यहां क्लिक करें।भारत को आज का पहला पदक तीरंदाजी में मिला है। भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया है। अंकिता, सिमरनजीत और भजन की जोड़ी ने वियतनाम को हराकर कांस्य पदक जीता।86 पदकों के साथ भारतीय टीम पदक तालिका में चौथे स्थान पर है।

# उत्तरकाशी हिमस्खलन: एक साल बाद मिले बेटे के शव को देख बिलख पड़े परिजन

**ऋषिकेश/हरिद्वार ।** उत्तरकाशी में द्रौपदी का डांडा-2 चोटी आरोहण के दौरान हिमस्खलन में लापता निम के प्रशिक्षु पर्वतारोही का शव एक साल बाद बरामद हुआ। शव की पहचान नौसेना में नाविक विनय पंवार के रूप में हुई। एक साल बाद बेटे के शव को देख परिजन बिलख पड़े।

शुक्रवार सुबह नाविक विनय का शव प्रशासन व नौसेना के अधिकारी हरिद्वार के हरिपुरकलां स्थित उनके आवास पर लेकर पहुंचे। यहां पार्थिव शरीर को केवल दस मिनट के लिए रखा गया। इसके बाद खड़खड़ी शमशान घाट पर सैन्य सम्मान के साथ पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले सेना के जवानों ने सलामी दी।

### नम आंखों से दी अंतिम विदाई

बीते साल नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) के एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स के करीब 34 प्रशिक्षुओं का दल डोकरानी बामक ग्लेशियर क्षेत्र से लगी द्रौपदी का डांडा-2 चोटी आरोहण के लिए गया था जो आरोहण के दौरान हिमस्खलन की चपेट में आ गए थे।

हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें दो प्रशिक्षु लापता चल रहे थे। इनमें नौसेना में नाविक विनय पंवार व आर्मी मेडिकल कोर में चिकित्सक लेफ्टिनेट कर्नल दीपक वशिष्ट शामिल थे। गत चार अक्तूबर को हादसे की बरसी के दिन



दोबारा से चोटी आरोहण के लिए पहुंचे निम के दल ने लापता प्रशिक्षुओं में से एक का शव क्रैवाश से बरामद किया।

सूचना पर पहुंचे नौसेना ने पुलिस से शव लेने की कार्रवाई पूरी की। निम के उप प्रधानाचार्य मेजर देवल वाजपेयी ने बताया कि दूसरे लापता प्रशिक्षु पर्वतारोही की भी तलाश की जा रही है।

बता दें कि पिछले साल पूरा परिवार बेटे विनय की शादी की तैयारियों में लगा था, तब उसके हिमस्खलन हादसे में लापता होने की खबर आई थी। बावजूद इसके परिवार चमत्कार की उम्मीद लगाए बैठा रहा।

## यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ आज केदारनाथ में

**रुद्रप्रयाग।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को केदारनाथ पहुंचेंगे। इस दौरान पूजा अर्चना के साथ ही सांयकालीन आरती में शामिल होने के बाद वह केदारनाथ धाम में ही रात्रि विश्राम करेंगे। 8 अक्तूबर को योगी आदित्यनाथ बदरीनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। यूपी के सीएम के केदारनाथ कार्यक्रम को लेकर प्रशासन, पुलसि और बीकेटीसी ने तैयारियां कर दी हैं। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 7 अक्तूबर (शनिवार) को दोपहर 2:40 बजे हेलीपैड पीटीसी ग्राउंड नरेंद्रनगर से हेलीकॉप्टर द्वारा रुद्रप्रयाग जनपद के लिए प्रस्थान करेंगे। 3:20 बजे वे केदारनाथ हेलीपैड पहुंचेंगे।



जबकि 3:25 बजे केदारनाथ हेलीपैड से प्रस्थान कर 3:30 बजे जीएमवीएन गेस्ट हाउस केदारनाथ में पहुंचेंगे। जीएमवीएन केदारनाथ में रात्रि विश्राम करेंगे।

इस बीच सीएम केदारनाथ में पूजा अर्चना के साथ ही सांयकालीन आरती में भी शामिल होंगे। सीएम 8 अक्तूबर (रविवार) को प्रातः 8:30 बजे जीएमवीएन गेस्ट हाउस केदारनाथ से प्रस्थान कर 8:40 बजे केदारनाथ हेलीपैड पहुंचेंगे। प्रातः 8:45 बजे केदारनाथ हेलीपैड से प्रस्थान कर 9:25 बजे बदरीनाथ हेलीपैड पहुंचेंगे।

## सिडकुल के दो अधिकारियों के निलंबन का आदेश जारी

**देहरादून(सं)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राज्य अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास निगम उत्तराखण्ड लि0 के प्रबन्ध निदेशक श्री रोहित मीणा द्वारा भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त होने पर और उद्यमियों से असहयोगात्मक रुख़ के कारण सिडकुल के दो अधिकारियों के निलंबन का आदेश जारी किया गया है। जिनमें परविन्दर सिंह, लेखाकार सिडकुल और कमल किशोर कफल्टिया, जन सम्पर्क अधिकारी/प्रभारी क्षेत्रीय प्रबन्धक, सिडकुल काशीपुर हैं । इसके साथ ही सिडकुल के वित्त नियंत्रक मनीष उप्रेती को भी तत्काल प्रभाव से वित्त नियंत्रक सिडकुल के पद से हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जहां राज्य सरकार निवेश सम्मेलन की तैयारी कर रही हैं वहाँ इस तरह की कार्यप्रणाली को क़तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में सुरक्षा का माहौल: सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज मायापुर में विश्व हिन्दू परिषद के अन्तर्गत बजरंग दल के नेतृत्व में आयोजित विगत 19 सितम्बर से बद्रीनाथ के माणा गांव से प्रारम्भ हुई ''शौर्य जागरण यात्रा'' के समापन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि ''शौर्य जागरण यात्रा' नाम से ही, उसका उद्देश्य स्पष्ट हो जाता है। उन्होंने कहा कि आज जो भी फैसले होते हैं, वे न्याय व संतुष्टि करण के आधार पर होते हैं, हमें तुष्टिकरण करने वालों से सतर्क रहना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर जल्दी ही बनकर तैयार हो जायेगा। काशी कॉरिडोर अपना भव्य स्वरूप प्राप्त कर चुका है। राज्य सरकार उत्तराखंड को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट उत्तराखंड बनाने के लिए वचनबद्ध है। आज केदारनाथ का पुनर्निर्माण तथा बदरीनाथ के मास्टर प्लान का कार्य चल रहा है। रोपवे परियोजनाओं- केदारनाथ रोपवे, हेमकुण्ड रोपवे पर तेजी से कार्य चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में सुरक्षा का माहौल है। आज भारत विश्व की पांचवी आर्थिक शक्ति बन गया है । भारत आर्थिक रूप से महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि है तथा लोगों की आस्था का केन्द्र है।

राज्य सरकार इसके मूल स्वरूप को बनाये रखने के लिये कृत संकल्पित हैं। समान नागरिक संहिता का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि जल्दी ही इस कार्य के लिये गठित कमेटी सारा संकलन करके ड्राफ्ट देने वाली है, जिसे जल्दी ही लागू किया जायेगा।

''शौर्य जागरण यात्रा'' के समापन कार्यक्रम को श्रीमहन्त रविन्द्र पुरी, केन्द्रीय संगठन मंत्री श्री विनायक, देवशरण आनन्द ने भी संबोधित किया।



इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, सुरेश राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष रूड़की व हरिद्वार श्री शोभाराम प्रजापति, श्री संदीप गोयल, उपाध्यक्ष श्री विकास तिवारी, श्री आशु, श्री लव शर्मा, जिलाधिकारी श्री धीराज सिंह गर्ब्याल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रमेन्द्र डोभाल, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रतीक जैन उपस्थित थे।

# डीएम ने महिलाओं के साथ काटी धान की फसल



चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र बैरांगना के अन्तर्गत ग्राम बणद्वारा में धान की फसल पर किए जा रहे क्रॉप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने महिलाओं के साथ धान की लवाई भी की। राजस्व विभाग ने काश्तकार दयाल सिंह के धान के खेत में 30 वर्ग मीटर का प्लाट बनाकर नियमानुसार क्रॉप कटिंग का प्रयोग किया। निर्धारित आकार के प्लाट में धान की उपज 2.635 किलोग्राम का उत्पादन प्राप्त हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी ने भू-अभिलेखों की जांच करते हुए काश्तकारों को खेती से संबंधित नई तकनीक के बारे में जानकारी भी दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि क्रॉप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जिले में फसलों के औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े एकत्रित किए जा रहे है तथा जिले में हो रहे उत्पादन की सटीक जानकारी हासिल की जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को प्राधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी ने किसानों से कृषि एवं अन्य आवश्यक संशाधनों से संबधित समस्याओं एवं चुनौतियों की जानकारी प्राप्त करते हुए उनके समाधान हेतु सुझाव भी दिए। विदित हो कि प्रत्येक राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र में क्राप कटिंग प्रयोग खेत में 30 वर्ग मीटर प्लाट बनाकर उसमें उत्पादित फसल के बीज को लिया जाता है, जिसे 15 दिनों तक सूखने के लिए रखा जाता है। इसके पश्चात दानों की तौल लेकर उत्पादन की गणना की जाती है। क्रॉप कटिंग प्रयोगों से प्राप्त उत्पादन के आंकड़ों के आधार पर क्षतिपूर्ति एवं फसल बीमा की राशि की गणना तथा विभिन्न फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना की जाती है।

## श्रीदेव सुमन विवि कैंपस के संगीत विभाग में प्रतियोगिता

ऋषिकेश। श्रीदेवसुमन विश्वविद्यालय ऋषिकेश परिसर में संगीत विभाग की परिषदीय प्रतियोगिता के गायन में हिमांशु नेगी और एकल वादन में राघवेन्द्र मिश्रा अव्वल रहे। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को आयोजित विभागीय परिषद की संगीत प्रतियोगिता में छात्र महेश,अनुष्का, हिमांशु ने राग प्रस्तुत किया। जबकि दुर्गा रावत ने लोक संगीत की प्रस्तुति दी। छात्र सुभम ने तबला व हारमोनियम पर सुमित ने अपना हुनर दिखाया। एकल गायन प्रतियोगिता में हिमांशु नेगी ने पहला, अनुष्का ने दूसरा व महेश ने तीसरा स्थान पाया। जबकि एकल वादन में राघवेन्द्र मिश्रा प्रथम, अनुष्का द्वितीय व हिमांशु नेगी तृतीय स्थान पर रहे। जबकि एकल सुगम गायन में दुर्गा ने पहला, अनुष्का ने दूसरा व निशिता ने तीसरा स्थान पाया।



## विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को विधानसभा क्षेत्र कपकोट के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों से संबंधित वार्षिक बुकलेट भेंट की। राज्यपाल ने उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों और बुकलेट की सराहना की ।

# कांग्रेस का भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। वे भाजपा के राष्ट्रीय ट्विटर हैंडल में विवादित पोस्टर लगाने को लेकर आक्रोशित है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की छवि धूमिल करने का प्रायास किया जा रहा है।

शुक्रवार को रेलवे मार्ग स्थित कांग्रेस भवन के समक्ष कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय ट्विटर हैंडल पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की तस्वीर को टिप्पणी की गई है। जिससे कांग्रेस नेता राहुल गांधी की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है। राहुल गांधी के परिवार ने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। आज भाजपा के लोग उस परिवार के सदस्यों के साथ इस प्रकार की हरकत कर रहे हैं। जो भाजपाइयों की नकारात्मक मानसिकता का परिचय हैं। प्रदेश सचिव मदनमोहन शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी गरीब, मजदूर के हितों की बात करते हैं। जिससे भाजपा सरकार बौखला गई है। प्रदर्शन करने वालों में जयेंद्र रमोला, मनीष शर्मा, विजयपाल रावत, प्रदीप जैन, शैलेन्द्र बिष्ट, ललित मोहन मिश्र, भगवान सिंह पंवार, बीएस पयाल, चंदन पंवार, शकुंतला शर्मा, सरोज देवराडी, मधु मिश्रा, राहुल रावत, बृज भूषण बहुगुणा, ऋषि सिंघल, अशोक शर्मा, अभिषेक शर्मा, राजेश शर्मा, निर्मला कुमाईं, सावित्री देवी, ओम सिंह पंवार, गौरव अग्रवाल, राजेन्द्र कोठारी, हरि सिंह नेगी, गौरव यादव, राम कुमार बतालिया, प्रवीण गर्ग, रोशनी, जय सिंह राणा, योगराज नौटियाल, जगदीश, ओम प्रकाश, कुमार यादव, करुण पाल, आदित्य झा आदि उपस्थित रहे।

**विवादित पोस्टर पर जताया आक्रोश**

डोईवाला। रानीपोखीरी में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी का अभद्र पोस्टर जारी किया है, जिससे देश की जनता में रोष व्याप्त है। प्रदर्शन करने वालों में गौरव चौधरी, डोईवाला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, अजय गैरोला, रमेश सकलानी, अमन बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

## क्रेडिट कार्ड बंद करने का झांसा देकर ठगे 3.36 लाख

देहरादून। क्रेडिट कार्ड बंद करने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के बैंक खतों से 3.36 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। धोखाधड़ी को लेकर महिपाल सिंह निवासी विवेकानंद ग्राम ने नेहरू कॉलोनी थाने में तहरीर दी। बताया कि 25 सितंबर को अपना बजाज फाइनेंस का क्रेडिट कार्ड बंद कराने के लिए गूगल से कस्टमर केयर नंबर लिया। वहां मिले एक फोन पर बात की। उसने कार्ड बंद कराने में मदद का झांसा देकर पीड़ित के मोबाइल में होप टू डेस्क नाम एप डाउनलोड कराई। इसके बाद पीड़ित के फोन का एक्सेस लिया। फोन में बैंक खातों की जानकारी दी।

# सरल ऐप पर शत प्रतिशत सत्यापन कराने पर दिया जोर

नई टिहरी : प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र के रजाखेत भाजपा की बूथ सशक्तिकरण बैठक में मंडल कार्यकारिणी, सभी मोर्चा के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुखों का अनिवार्य रूप से सरल ऐप पर शत प्रतिशत सत्यापन पर जोर दिया। कहा कि अपने दायित्व का सभी पदाधिकारी निर्वहन कर सत्यापन कार्य को पूरा कराएं। ताकि आगामी चुनाव में आसानी हो सके।

रजाखेत मंडल के ढुंग में मंडल अध्यक्ष रमेश रतूड़ी की बैठक में आयोजित बैठक में प्रतापनगर के पूर्व विधायक विजय सिंह पंवार और जाखणीधार प्रमुख व प्रवासी सुनीता देवी ने सरल ऐप पर सत्यापन की जानकारी दी। कहा कि सत्यापन के दौरान सभी



पदाधिकारियों की फोटो लगानी जरूरी है। साथ ही जन्म तिथि, मोबाइल नंबर से अन्य सूचना यदि गलत दर्ज है, तो उसे भी ठीक किया जा सकता है। कहा कि मंडल की कार्यकारिणी से लेकर सभी मोर्चा के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुखों का गंभीरता से सत्यापन किया जाए। बताया कि आने वाले समय में लोकसभा, पंचायत चुनाव होने हैं। ऐसे में इस सत्यापन कार्य से संगठन को चुनाव में आसानी होगी।

## एक नजर

### मलेशिया में फंसे युवक ने स्वदेश लौटने की लगाई गुहार

नई टिहरी : बीते दो माह से मलेशिया में फंसे घनसाली तहसील की हिंदाव पट्टी के गनवाडी गांव के युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर भारत सरकार व भारतीय दूतावास से स्वदेश लाने की गुहार लगाई है। वहीं सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद युवक के परिजनों व ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक से विदेश मंत्रालय से संपर्क करते हुए युवक को वापस लाने की मांग की है। भिलंगना ब्लॉक की हिंदाव पट्टी के गनवाडी गांव निवासी कुलदीप शाह पुत्र धीरज प्रकाश बीते 3 माह पूर्व देहरादून के एक ऐजेंट के माध्यम से मलेशिया गया था। जहां पर उसे जोरबाडू स्थित लेमेंडा रेस्टोरेंट में नौकरी मिली। लेकिन मालिक द्वारा उससे किचन का काम कराने के बजाय झाडू-पोछा व अन्य काम करने को कहा गया। जिसके लिए कुलदीप ने मना कर दिया। जिससे गुस्साए मालिक ने उससे मारपीट करते हुए उसे एक कमरे में बंद कर दिया। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कुलदीप ने बताया कि सीढ़ियों से गिरने के कारण उसके दोनों पैर भी फ्रैक्चर हो रखे हैं। उसे दवाइयां भी नही दी जा रही हैं। वीडियो जारी होने के बाद कुलदीप के परिजन काफी परेशान हैं।(एजेंसी)

### नरसिंह मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य शुरू

नई टिहरी : जाखणीधार ब्लॉक की पट्टी ढुंगमंदार के ग्राम सेमा में स्थित नरसिंह मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य शुरु हो गया है। मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं। शुक्रवार को मंदिर पुनर्निर्माण को लेकर ग्रामीणों की प्रधान सेमा रामप्यारी देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंदिर निर्माण को लेकर चर्चा की गई। मंदिर पुनर्निर्माण को लेकर व्यय होने वाले खर्चे को लेकर ग्रामीणों ने अपने विचार व सुझाव भी रखे। ग्रामीणों का कहना है कि सेमंडीधार में स्थापित नरसिंह मंदिर काफी प्राचीन मंदिर है इसलिए इस मंदिर के पुनर्निर्माण का निर्णय लिया गया जिस पर कार्य भी शुरू हो गया है।

# सीएम ने सौंपे नव नियुक्त परिवहन कर्मियों को नियुक्ति पत्र

देहरादून। सीएम पुष्कर धामी ने शुक्रवार को परिवहन विभाग में कनिष्ठ सहायक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इनका चयन उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से हुआ है। सचिवालय में सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते हुए सीएम ने उन्हें शुभकामनाएं दी। कहा कि सभी अपने कार्यक्षेत्र में पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें। कार्य क्षेत्र में नये जीवन की शुरूआत आत्म अनुशासन और नियमित दिनचर्या के साथ करें। जन सेवा करने का जो अवसर मिला है, इसमें अपनी सामर्थ्य का पूरा उपयोग कर करें।



परिवहन सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी ने बताया कि परिवहन विभाग में पिछले दो साल में एक सम्भागीय निरीक्षक और 59 परिवहन आरक्षियों को सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति दी गई। कनिष्ठ सहायक के 39 और सहायक लेखाकार के 17 पदों पर चयन प्रक्रिया गतिमान है।

## प्रतियोगिता के पदक विजेताओं का सम्मान

ऋषिकेश।राइंका आईडीपीएल में आयोजित नगर क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023 में श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों ने 60 मेडल जीते। श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज प्रशासन ने मेडल विजेताओं व खेल कोच को सम्मानित किया। शुक्रवार को श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज ऋषिकेश में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नगर क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023 में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों व विद्यालय के कोच प्रवीण रावत व विकास नेगी को सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य मेजर गोविंद सिंह रावत ने कहा कि नगर क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023 में विद्यालय ओवर ऑल चैंपियन बना है।

# सरकार का ध्यान खींचने को सड़कों पर उतरेंगे प्रदेश भर के शिक्षक

देहरादून। वर्षों से लंबित मांगों के लिए आठ अक्टूबर को प्रदेश भर से शिक्षक देहरादून में गरजेंगे। शिक्षकों की मांगों पर सरकार का ध्यान खींचने के लिए शिक्षक ढोल दमाऊं, मशकबीन, रणसिंघा बजाते हुए शहर में जागरण रैली निकालेंगे। राजकीय शिक्षक संघ का दावा है कि जागरण में प्रदेश भर से कम से कम दस हजार शिक्षक दून आएंगे। यह संख्या और बढ़ भी सकती है।हर जिले के लिए लक्ष्य भी तय किए गए हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान और प्रदेश महामंत्री रमेश चंद्र पैन्यूली के नेतृत्व में पूरी प्रांतीय कार्यकारिणी एक हफ्ते से रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी है। शुक्रवार को भी मंडल, जिला और ब्लॉक कार्यकारिणियों के पदाधिकारियों से रैली की तैयारियों पर चर्चा का दौर जारी रहा।

सभी पदाधिकारियों और शिक्षकों से फोन पर बातचीत करते हुए रैली की तैयारियों की जानकारी ली। हर ब्लॉक कार्यकारिणी अपने झंडे–बैनर के साथ रैली में शामिल होगी। चौहान ने बताया कि रैली सुबह 11.30 बजे से परेड मैदान से रवाना होगी। यहां से घंटाघर होते हुए राजपुर रोड से दिलाराम चौक तक जाएगी। वहां से लौटकर रैली परेड ग्राउंड में पहुंचेगी।

# दिए पते पर नहीं मिले 4500 मतदाता सूची में

ऋषिकेश। विधानसभा ऋषिकेश के अंतर्गत 4500 वोटर मतदाता सूची में दिए गए पते पर नहीं मिले। बीएलओ द्वारा मतदाता पुनरीक्षण कार्य के दौरान किए गए सर्वे में यह रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी गई है। अब तहसील निर्वाचन कार्यालय द्वारा इन सभी लोगों को डॉक द्वारा नोटिस भेजकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने का मौका दिया जा रहा है। 21 जुलाई से 21 सितंबर तक निर्वाचन आयोग के निर्देशन में क्षेत्रीय बीएलओ द्वारा मतदाता पुनरीक्षण कार्य किया गया था। जिसमें बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में दर्ज पते पर घर–घर जाकर सूची को अपडेट करने का कार्य किया गया। बीएलओ द्वारा तहसील निर्वाचन कार्यालय को सौंपी रिपोर्ट के अनुसार विधानसभा 24 ऋषिकेश के अंर्तगत मतदाता सूची में दर्ज 4500 मतदाता अपने पते पर नहीं मिले। यानी वे अन्य किसी नए पते पर शिफ्ट हो गए। वहीं लगभग 3200 मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। अब तहसील ऋषिकेश के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय द्वारा अन्यत्र शिफ्ट हुए 4500 मतदाताओं के नाम डॉक द्वारा नोटिस भेज रहा है। जिसमें उन्हें 25 अक्तूबर तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए कहा गया है। इसके लिए प्रशासन द्वारा पूछताछ व जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 व 7017567286 जारी किया गया है। सर्वे में ऋषिकेश विधानसभा के 4500 मतदाता अपने दिए पते से अन्यत्र शिफ्ट हो गए हैं। जो बीएलओ के सर्वे में मौके पर नहीं मिले। लिहाजा उन्हें नोटिस भेजकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का अवसर दिया जा रहा है।

## छात्रों को दिए रोजगार के टिप्स

ऋषिकेश।राजकीय महाविद्यालय डोईवाला में रोजगार सृजन विषय पर गोष्ठी हुई। जिसमें विशेषज्ञों ने छात्र–छात्राओं को सरकारी और गैर सरकारी सेवाओं में रोजगार प्राप्त करने के लिए आवश्यक टिप्स दिए।

## गढ़वाली फिल्म पोथली देखने उमड़ी भीड़

ऋषिकेश। प्रज्ज्वल फिल्म प्रोडक्शन द्वारा निर्मित उत्तखण्डी फीचर फिल्म पोथली का ऋषिकेश में प्रदर्शन शुरू हो गया है। शुक्रवार को फिल्म देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। दर्शक इस फिल्म को देख भाव विभोर हुए। उन्होंने कहा कि यह फिल्म पिता द्वारा बेटी के लिए न्याय दिलाने के संघर्ष की कहानी को दर्शाती है। ऋषिकेश रामा पैलेस हाल में गढ़वाली फीचर फिल्म पोथली के पहले शो का शुभारंभ समाजसेवी नीलम बिजलवाण, अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा की महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष सीता पयाल, यूकेडी नेता मोहन असवाल ने संयुक्त रूप से किया।

# एमडीडीए अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग

ऋषिकेश। देवभूमि रक्षा मंच ने प्रदेश सरकार के खिलाफ हल्ला बोला है। वे देहरादून के एक फ्लैट में अवैध रूप से मस्जिद और मदरसा चलाए जाने से नाराज हैं। उन्होंने एमडीडीए के अधिकारियों पर इसके संरक्षण का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार से मामले में संलिप्त अधिकारियों के निलंबन की मांग की।शुक्रवार को देवभूमि रक्षा मंच के सदस्यों ने हरिद्वार मार्ग स्थित पुरानी चुंगी में प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। मंच सदस्यों ने कहा कि एमडीडीए देहरादून के ईडब्ल्यूएस फ्लैट में मस्जिद व मदरसा को संरक्षण दिया जा रहा है। जिसके लिए एमडीडीए के अधिकारी जिम्मेदार हैं। लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा इन अधिकारियों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। बीती 31 जुलाई को सीएम आवास घेराव, पुतला दहन सहित अन्य प्रदर्शन किए गए। लेकिन अभी इस मामले में अधिकारियों का निलंबन नहीं हुआ है और न ही इस मामले की जांच की गई है। मौके पर सत्यवीर तोमर, नीरज सहरावत, मानू जाटव, सोनू, शिवम चौधरी, अमन तोमर, अर्जुन राजभर, गोविंद चौहान, सोनू वर्मा, राहुल शर्मा, जगदीश जाटव, सनोज ठाकुर, आकश दीप, रवि शर्मा, विनोद विश्नोई, मनोज बिजल्वाण, सतनाम सिंह, अकुंश शर्मा, धर्मपाल कश्यप, लालू राजभर, गरीब प्रसाद, दीपक कुमार, विजय सिंह, संजय सिंह, सीताराम आदि शामिल रहे।

मदरसों की मान्यता को ये है नियमः मदरसा बोर्ड के डिप्टी रजिस्ट्रार मोहम्मद यामीन के मुताबिक मदरसे को मान्यता के लिए बिल्डिंग का नक्शे, कम से कम छह कमरे, सोसायटी पंजीकरण, तीन साल तक परीक्षा देने वाले बच्चों की लिस्ट, मदरसा बोर्ड की डिग्री वाले कम से कम तीन क्वालिफाइड शिक्षक, छात्र संख्या कम से कम पचास, शौचालय, पीने के पानी की व्यवस्था, फर्नीचर, लाइब्रेरी की व्यवस्था, पांच हजार रुपये तक की एफडी होनी चाहिए।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में राइंका त्यूणी मारी बाजी

विकासनगर। राजकीय इंटर कॉलेज चकराता पुरोड़ी में उत्तराखंड राज्य स्थापना पर आधारित विकासखंड स्तरीय सामान्य ज्ञान क्विज का आयोजन शुक्रवार को किया गया, जिसमें विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से 15 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्र–छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली 15 टीमों में से प्रथम स्थान पर अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज त्यूणी, द्वितीय स्थान पर राइंका सावड़ा व तृतीय स्थान पर राजकीय इंटर कालेज चकराता रहा।

खंड शिक्षा अधिकारी चकराता पूजा नेगी के दिशा निर्देश पर ब्लॉक समन्वयक तिलक सिंह चौहान द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी पूजा नेगी ने कहा कि छात्र छात्राओं के बीच सामान्य ज्ञान, क्विज आदि प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिताओं का लगातार आयोजन किया जाना चाहिए, जिससे छात्र–छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। वहीं उन्हें प्रतियोगात्मक परीक्षाओं के प्रति उनमें रुचि बढ़ेगी। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज चकराता जीपी थपलियाल द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्र छात्राओं को आगे बढ़ने का मंच मिलेगा। साथ बदलते जमाने बढ़ती प्रतिस्पर्धा के दौर में उन्हे इसके लिए तैयार किया जा सकेगा। इस अवसर पर प्रवीण जग्गी सिकंदर चौहान, शिवदत्त उनियाल, सरदार सिंह, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी पर कांग्रेस में उबाल

देहरादून। भाजपा के ट्विटर हैंडल पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में पार्टी के महानगर कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर विपक्षी नेताओं का अपमान करने का आरोप लगाया, साथ ही प्रधानमंत्री से इसके लिए माफी मांगने की मांग की।

## सिंगल और डबल टेनिस में सेंट मेरी कान्वेंट की टीम विजय रही

विकासनगर। सेपियंस स्कूल विकासनगर में सहोदय जूनियर टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नौ विद्यालयों की टीम ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में सेंट मेरी कान्वेंट स्कूल की टीम विजय रही। प्रतियोगिता में आए सभी प्रतिभागियों का विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी, प्रबंधक रविकांत सपरा, विद्यालय प्रधानाचार्य नवीन तनेजा द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रतियोगिता प्रारंभ की गई, प्रतियोगित में आई सभी विद्यालयों की टीमों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया, जिसमें सिंगल टेबल टेनिस में सेंट मेरी कान्वेंट स्कूल प्रथम, अनुनाद पब्लिक स्कूल द्वितीय जबकि नवोदयय विद्यालय तृतीय स्थान पर रहा।

## वन नेशन वन राशन कार्ड से प्रवासी श्रमिकों का जीवन हुआ आसानः पुंडीर

विकासनगर। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग उत्तराखंड सरकार द्वारा शुक्रवार को नगर पंचायत सेलाकुई के एक फार्म हाउस में ह्यवन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत लाभार्थी जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर ने किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों के राशन कार्ड लाभार्थियों को विभागीय अधिकारियों द्वारा योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विधायक पुंडीर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वन नेशन वन राशन कार्ड की पहल से भाजपा सरकार ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर प्रवासी श्रमिकों के जीवन को आसान बनाया है। आज एक गरीब व्यक्ति देश में किसी भी जगह से अपना राशन ले सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के लाखों परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने और उन्हें सशक्त करने के माध्यम के रूप में यह योजना एक परिवर्तनकारी पहल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में वन नेशन वन राशन कार्ड पर जागरूकता बढ़ाने के लिए उत्तराखंड सरकार प्रतिबद्ध है।

## कण्व नगरी एक्सप्रेस के नाम से संचालित हो ट्रेन

**कोटद्वार** : वरिष्ठ नागरिक संगठन ने कोटद्वार से दिल्ली के मध्य आनंद विहार तक संचालित होने वाली रेलगाड़ी का नाम कण्व नगरी एक्सप्रेस रखने की मांग की है।इस संबध में केंद्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव को प्रेषित ज्ञापन में संगठन के अध्यक्ष पीएल खंतवाल और महासचिव रिपुदमन सिंह बिष्ट ने कहा कि कोटद्वार स्थित कण्वाश्रम कण्व ऋषि की तपोभूमि और देश के नामदेवा चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्म स्थली है, साथ ही क्षेत्र की जनता इस नाम से भावनात्मक रूप से जुड़ी है। इसलिए रेलगाड़ी का नाम कण्वनगरी एक्सप्रेस रखना उचित है। ज्ञापन में केंद्रीय रेल मंत्री से जम्मू से हावड़ा जाने वाली हिमगिरी सुपर फास्ट एक्सप्रेस व देहरादून-लखनऊ के लिए प्रस्तावित वंदे भारत एक्सप्रेस को नजीबाबाद में रोकने की मांग भी की गई है।

# हाईड्रम मशीन दे रही धोखा, पानी को तरस रहे 15 गांव

### यमकेश्वर ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न गांव में बनी है पेयजल समस्या

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भले ही शासन-प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने के दावे कर रहा हो। लेकिन, यमकेश्वर ब्लॉक के अंतर्गत 15 गांव पिछले कई सप्ताह से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। शिकायत के बाद भी अधिकारी समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे। पानी के लिए ग्रामीण प्राकृतिक स्त्रोतों के चक्कर काटने को मजबूर हो गए हैं।

डांगी, परंदा, पठोला, कोबरा, बंचूरी, रिखेण, रावत गांव, चोपड़ा सहित अन्य गांव को पेयजल योजना से जोड़ने के लिए 1996 में योजना बनाई गई थी। इसके लिए गांव के समीप बहने वाली हेंवल नदी से गांव तक पेयजल लाइन बिछाई गई। लेकिन, पिछले कई सप्ताह से नदी में लगी हाईड्रम मशीन ठीक से कार्य नहीं कर रही। नतीजा, गांव तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। समाजसेवी विजय लखेड़ा ने बताया कि दशकों पुरानी हाईड्रम मशीन की मरम्मत नहीं करवाई गई है। सबसे अधिक परेशानी गांव में अकेले रहने वाले बुजुर्गों को हो रही है। ग्रामीणों का पूरा दिन केवल पानी की तलाश में ही बीत रहा है। ऐसे में ग्रामीणों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने पुरानी हाईड्रम मशीन को बदलकर उसके स्थान पर नई मशीन लगवाने की मांग की है। कहा कि ग्रामीणों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



यमकेश्वर ब्लाक के ग्राम बनचूरी में पानी की तलाश में भटकते बच्चे

# सड़क पर पलटी बस, बड़ा हादसा टला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राष्ट्रीय राजमार्ग पर फतेहपुर से करीब पांच सौ मीटर आगे जीएमओयू की एक बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक घायल को दुगड्डा अस्पताल पहुंचाया।

घटना शुक्रवार की है। थलीसैंण से कोटद्वार की ओर से एक बस आ रही थी। इसी दौरान फतेहपुर से करीब पांच सौ मीटर आगे बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। गनीमत यह रही कि बस सड़क किनारे खाई में नहीं गिरी, जिससे एक बड़ा हादसा होने बच गया। दुगड्डा चौकी इंचार्ज सूरत शर्मा ने बताया कि दुर्घटना में थलीसैण निवासी एक युवक को हल्की चोट आई हुई थी। जिसे अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी गई।



दुर्घटना के बाद सड़क पर पलटी बस

# दलित साहित्य दिवस के रूप में मनाया जन्मदिवस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारतीय दलित साहित्य अकादमी गढ़वाल मंडल की ओर से अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सोहनपाल सुमनाक्षर का जन्मदिन पांचवा दलित साहित्य दिवस के रूप में मनाया गया।

पदमपुर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमी के मंडलीय अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल आर्य व संचालन पार्षद वार्ड नं. 37 सखपाल शाह ने किया। मुख्य अतिथि, भगवान बुद्ध नेशनल फेलोशिप अवार्ड से सम्माननित समाजसेवी वयोवृद्ध चक्रधर शर्मा ने कहा कि डॉ. सुमनाक्षर सामाजिक ताने बाने के समतलीकरण के लिए दशकों से कार्य कर रहे हैं। जिससे समतामूलक समाज की स्थापना हो सके। विशिष्ट अतिथि शूरबीर खेतवाल ने कहा कि डॉ. सुमनाक्षर द्वारा मुझे भी "डॉ.अम्बेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड-2018" से सम्माननित किया गया था। डॉ. सुमनाक्षर की सरलता, सादगी, सहजता व आदरभाव जैसे गुण अकादमी को एक सूत्र में पिरोये हुए हैं। सभा मे उपस्थित साहित्यकारों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों, पत्रकारों, उद्योगपतियों व समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा डॉ. सुमनाक्षर को उनकी 84वीं जयंती पर शुभकामनाएं प्रेषित की गई व उनके सुखद भविष्य एवम दीर्घायु की कामना की गई। बैठक में सुदीप बौंठियाल, ओमप्रकाश आर्य, अजय नेगी, भारत सिंह, कुसुमलता आर्य, पूर्व प्रधान सुनीता देवी व शशिकांत आदि मौजूद रहे।



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य

## नियुक्तियों पर रोक लगाने पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने अशासकीय विद्यालयों में होने वाली नियुक्तियों पर सरकार द्वारा रोक लगाने पर रोष व्यक्त किया है।

इस संबध में संघ कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बेरोजगारों से अशासकीय विद्यालयों में नियुक्ति के लिए अलग आयोग बनाने का वायदा किया था। आयोग के माध्यम से भाई-भतीजावाद के इतर पारदर्शी रूप से शिक्षकों की भर्ती की बात कही गई थी, जो आज तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। यह बेरोजगारों के साथ छलावा है। मांग की कि अशासकीय विद्यालयों में नियुक्ति के लिए अविलंब ही आयोग का गठन किया जाना चाहिए और नियुक्ति प्रक्रिया आरंभ की जानी चाहिए। बैठक में डा. अजय खंतवाल, भारत रावत, नवीन गौड़, मोहित ठाकुर, नीरज कुमार, स्वाति कंडवाल, ज्योति नेगी, शिवानी नेगी और बबीता भारद्वाज सहित अन्य प्रशिक्षित युवा मौजूद रहे।

# बहुउद्देशीय शिविर में बनाएं नौ दिव्यांग प्रमाण पत्र

### एकेश्वर ब्लॉक के राइंकॉ रीठाखाल में आयोजित किया गया बहुउद्देशीय शिविर



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : समाज कल्याण विभाग की ओर से एकेश्वर ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज रीठाखाल में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में शिविर में नौ दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए। इस दौरान विभाग की ओर से वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, शादी अनुदान, अटल आवास योजना, छात्रवृत्ति सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

वहीं पेंशन संबंधी समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पुस्तकें वितरित की गई।

शुक्रवार को आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख एकेश्वर नीरज पांथरी ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर आम आदमी के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण सिद्ध होते है। इस तरह के शिविरों से आम जनता को लाभ मिलता है।

कहा कि सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ समाज व अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना ही सरकार की प्राथमिकता है।

भविष्य में ऐसे शिविरों का आयोजन अन्य जगहों पर किया जाना चाहिए। जिससे अधिक से अधिक सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी एकेश्वर ने पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी देते हुए पात्र लोगों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

शिविर का संचालन मनोज भट्ट ने किया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी मोहित नौटियाल, गौरव धस्माना, प्रधान बिंजोली तेजपाल पंवार, प्रधान कुरख्याल अनिल कुमार, सुनील सिंह रावत आदि मौजूद थे।

# पंपिंग योजना तीन दिन से ठप, 32 गांवों के लोग परेशान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : धुमाकोट पंपिंग योजना पिछले तीन दिनों ठप पड़ी हुई है। पेयजल आपूर्ति ठप होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंपिंग योजना से क्षेत्र के 32 गांवों को पानी की आपूर्ति की जाती है। बता दें कि गत माह भी पम्प फूंक जाने से 18 दिनों तक पानी की सप्लाई बंद रही।

धुमाकोट निवासी पूर्व प्रधान कसाना पुष्कर सिंह रावत, मदन मोहन सिंह, मंगल सिंह, बिक्रम सिंह रावत आदि का कहना है कि कई दिनों तक पानी की आपूर्ति बंद होने के बावजूद विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को पूरा बिल दिया जा रहा है। पुष्कर सिंह रावत ने बताया कि उनके मकान पोस्ट ऑफिस पर बीते एक वर्ष से पेयजल आपूर्ति ही नहीं हुई है। कई बार अवगत कराने के बावजूद विभाग लगातार बिल पकड़ा रहा है, लेकिन पानी की सप्लाई सुचारू करने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।

जेई जल संस्थान किरन शर्मा का कहना है कि पम्पिंग योजना पर लगा ट्रांसफार्मर फुंक जाने से पेयजल आपूर्ति बंद हो रखी है। इस सम्बंध में विद्युत विभाग को सूचित कर शीघ्र आपूर्ति चालू करने को कहा गया है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र राणा, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनोज जुगरान, कनिष्ठ उपप्रमुख अर्जुन सिंह पटवाल, पूर्व ज्येष्ठ उपप्रमुख महेन्द्र मवाड़ा, खेल समन्वयक कल्जीखाल अनिल, प्रधानाचार्य राकेश प्रचापति , डॉ. मोहम्मद कादिर आदि भी मौजूद रहे।

बच्चों ने सीखे योग के गुर

श्रीनगर गढ़वाल : शाश्वत शिक्षा निकेतन बागवान में योग शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर बच्चों और शिक्षकों ने योग की मुद्राओं और उससे होने वाले लाभों के बारे में जानकारी ली। योग प्रशिक्षक कुलदीप कुमार और कंचन बमराड़ा ने छात्र-छात्राओं को आसन, प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक स्वामी अद्वैतानन्द महाराज, डॉ. श्रीराम रतूडी, लक्ष्मोली के पूर्व प्रधान सुरेश सिंह नेगी, विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम रावत, अन्नदीप रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पैसा निवेश करने से पहले लाभ व जोखिम की भी जुटा लें जानकारी

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में वाणिज्य संकाय की ओर से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को पैसा निवेश करने के माध्यम, लाभ और जोखिम की जानकारी दी गई।

शुक्रवार को वाणिज्य विभाग में आयोजित कार्यक्रम का प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने फाइनेंस से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि जब पैसा निवेश किया जाता है तो वह सुरक्षित है या नहीं लोगों के मन में संशय बना रहता है। इस तरह के कार्यक्रम इस संशय को दूर करने में सहायक होते हैं। प्रो. प्रीति रानी ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के बारे में बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शमशेर सिंह ने फाइनेंशियल लिटरेसी और डॉ. अंशिका बंसल ने सेबी द्वारा कंडक्ट किए जाने वाले ऑडिट डिमैट अकाउंट की जानकारी दी।

# नगर निगम ने पशुपालकों की उठाई गाय, हुआ हंगामा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत सड़क पर घूम रही पशुपालकों की गाय उठाने को लेकर वार्ड वासियों व नगर निगम कर्मियों के बीच हंगामा हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करवाया।

शुक्रवार को नगर निगम के कर्मचारी आवारा पशुओं का रेस्क्यू करने के लिए हल्दूखाता क्षेत्र में गए हुए थे। इस दौरान सड़क पर घूम रही गाय को जैसे ही निगम कर्मियों ने वाहन में रखा वार्डवासी हंगामा करने लगे।

वार्ड वासियों का आरोप था कि नगर निगम घर के समीप घूम रहे उनके पशुओं को पकड़कर अपनी गौशाला में ले जा रहा है। नगर निगम कई पशुओं को पकड़कर काशीरामपुर तल्ला स्थित गौशाला में भी लेकर आ गया था। जिसके बाद वार्डवासी बड़ी संख्या में वहीं, पहुंच गए। वार्ड वासियों का आरोप है कि जब वह गौशाला में अपनी गाय की पहचान करने के लिए पहुंचे तो गौशाला संचालकों ने उनसे अभद्रता भी की। पुलिस के पहुंचने के बाद संचालकों ने पशु पालकों की गाय वापस की।



काशीरामपुर तल्ला स्थित गौशाला में पहुंचे वार्डवासी

## फुटबाल में कोट और पौड़ी ने जीता फाइनल मुकाबला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : विद्यालय शिक्षा जनपदीय शरदकालीन जिला प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक फुटबाल का फाइनल मुकाबला कोट की टीम ने 1-0 से जीता। जबकि बालक अंडर-19 का फाइनल मैच में पौड़ी 2-0 से विजयी रही।

प्रतियोगिता के अंतिम दिवस अंडर-14 बालक फुटबाल का फाइनल मुकाबला कोट व पौड़ी के बीच खेला गया। कोट की टीम ने 1-0 से मैच जीता। कोट के आर्य नेगी ने प्रथम हाफ में ये निर्णायक गोल किया। दूसरा फाइनल बालक अंडर-19 दुगड्डा व पौड़ी के बीच खेला गया। जिसमें पौड़ी ने 2-0 से जीत लिया। पौड़ी के शुभम मैलवाल ने पहले ही आफ में 2 गोल कर पौड़ी की जीत का आधार रखा। वही बालिका अंडर -का पहला सेमीफाइनल मुकाबला दुगड्डा व पौड़ी के बीच खेला गया। इस मैच का निर्णय पैनाल्टी शूट से हुआ। जिसमें 1 के मुकाबले 3 गोल से दुगड्डा ने यह मैच जीता। फाइनल मुकाबला खिर्सू व दुगड्डा के बीच होगा। बालिका अंडर-19 फुटबाल दुगड्डा व पौड़ी के बीच खेला गया। जिसमें पौड़ी ने 1-0 से मैच जीता। पौड़ी के लिए आस्था ने निर्णायक गोल किया। मुख्य अतिथि मुख्य शिक्षाधिकारी पौड़ी दिनेश चंद्र गौड़ ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मैचों में सुरेंद्र रावत, राजेंद्र रावत, कमल उप्रेती, योगंबर नेगी, रचना सिरसवाल, महिपाल लिंगवाल, विवेक कपरवाण, योगेंद्र पटवाल, बबीता रावत ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर उमेश चंद्र बिष्ट, नरेश जुयाल, राजीव रावत, कमल, कमल रावत, योगेंद्र पटवाल, जगमोहन सिंह बिष्ट, धर्मेंद्र नेगी, संग्राम सिंह नेगी, मनोज

# अविलंब शुरू करवाए मेडिकल कॉलेज का निर्माण : नेगी

### पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने भेजा सीएम को पत्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने प्रदेश सरकार से अविलंब मेडिकल कॉलेज निर्माण की मांग की है। कहा कि लगातार पत्र भेजने के बाद भी सरकार इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है।

इस संबध में प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा कि कोटद्वार क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2015-16 में ही स्वीकृत हो गया था और इसके लिए 192 बीघा भूमि भी उपलब्ध करा दी गई थी। कॉलेज निर्माण के लिए राज्य सरकार ने भी बजट आवंटित कर दिया था। इसके तहत कॉलेज की भूमि पर चहारदीवारी व नलकूप निर्माण कार्य प्रगति पर था, लेकिन 2017 में सत्ता परिवर्तन होने के कारण कॉलेज के निर्माण कार्य को रोक दिया गया और भूमि को श्रम विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया। उक्त भूमि पर यूपी के ठेकेदारों से अवैध खनन कराकर निर्माणाधीन नलकूप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। कहा कि उनके हस्तक्षेप के बाद फिर श्रम विभाग से भूमि को कोटद्वार मेडिकल कॉलेज के लिए हस्तांतरित किया गया।

लेकिन कॉलेज निर्माण कार्य अभी तक आरंभ नहीं हो पाया। कहा कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण समय पर हो गया होता तो क्षेत्रीय जनता को उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता। ज्ञापन में उन्होंने मुख्यमंत्री से मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य को अविलंब आरंभ करने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित करने की मांग की है।

## राइंकॉ चौबट्टाखाल को उतराखंड बोर्ड में शामिल करें

**सतपुली** : अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखंड के आदेश अनुसार अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चौबट्टाखाल में खंड शिक्षा अधिकारी अमित चौहान की अध्यक्षता में आयोजित विद्यालय के अभिभावक संघ व विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में अभिभावकों ने राजकीय इंटर कॉलेज चौबटाखाल को सीबीएसई बोर्ड से हटकर उत्तराखंड बोर्ड में सम्मिलित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

अभिभावकों का कहना है की सीबीएसई का पैटर्न बच्चे नहीं समझ पा रहे हैं, जबकि दोनों ही बोर्ड में पाठ्यक्रम की समानता है अतः इंटर कॉलेज को पूर्व की भांति उत्तराखंड बोर्ड में ही सम्मिलित किया जाए। छात्र हित को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी अमित चौहान ने प्रस्ताव को विभाग को भेज दिया है। इस अवसर पर विद्यालय अभिभावक संघ अध्यक्ष मधुबाला, एसएमसी अध्यक्ष योगेंद्र रावत, गीता लिंगवाल प्रधानाचार्य, राजकुमारी देवी, सुनील रतूड़ी, राजेश सुंदरियाल, सुनीता देवी, प्रदीप सुंदरियाल सहित तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

# पानी कनेक्शन के लिए रूपये लेने का लगाया आरोप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : विकासखंड बीरोंखाल के अंतर्गत नाकुरी गांव के ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के तहत घरेलू पानी कनेक्शन लेने के लिए एक सौ पचास रुपये देने पड़ रहे हैं। जिससे ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों विभाग से मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

नाकुरी प्रधान सुनीता देवी ने बताया कि उनके गांव के लिए जल संस्थान पौड़ी द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ताछीखाल-नाकुरी पेजजल योजना के लिए 96 लाख रुपये स्वीकृत हैं। ग्रामीणों का आरोप हैं कि उन्हें कनेक्शन लेने लिए एक सौ पचास रुपये देने पड़ रहे हैं। उधर, जल संस्थान के अवर सहायक अभियंता सौरभ पांडे ने बताया कि कनेक्शन लेने के लिए सौ रुपये का स्टांप पेपर, पच्चीस रुपये का फार्म, एक रुपये में कनेक्शन दिया जाना हैं। यदि ठेकेदार ग्रामीणों से अधिक पैसे ले रहा होगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर काला, जयकृत भंडारी, मालिनी, हीरा सिंह बिष्ट, प्रमोद नेगी, महेश गिरि, भवान नेगी, जयदीप रावत आदि मौजूद रहे।

# विवेकानन्द संस्थान अल्मोड़ा में हिन्दी पखवाड़े का हुआ समापन




अल्मोड़ा, 14 सितम्बर 2023 को हिन्दी दिवस के अवसर पर 14 सितम्बर से 30 सितम्बर 2023 तक विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, निबन्ध लेखन, टंकण, तात्कालिक आशुभाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पखवाड़े के समापन समारोह में 5 अक्टूबर को आयोजित हिन्दी संगोष्ठी में अध्यक्ष, असम कृषि आयोग असम सरकार डॉ. हरि शंकर गुप्त मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो० दिवा भट्ट, डॉ. जगदीश चन्द्र भट्ट पूर्व निदेशक वीपीकेएएस संस्थान अल्मोड़ा, डॉ. एच.सी. भट्टाचार्य डीन डैफोडिल कालेज ऑफ हार्टिकल्चर, डीएमईटी खेतड़ी असम एवं संजीव देष्टा, किसान, हिमाचल प्रदेश, सदस्य, शोध सलाहकार समिति रहे। इस अवसर पर स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि डा. हरि शंकर गुप्त ने अपने भाषण में संस्थान में हो रही हिन्दी की प्रगति की सराहना की तथा कहा कि हिन्दी भाषा के द्वारा संस्थान की तकनीकियों को आधारभूत स्तम्भ कृषकों तक पहुँचा सकते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. दिवा भट्ट ने हिन्दी की विशेषता व महत्व को बताते हुए कहा कि वैज्ञानिक शोध के परिणामों को प्रस्तुत करने में भी अधिकाधिक हिन्दी का प्रयोग करें। विशिष्ट अतिथि संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. जे.सी. भट्ट ने पूर्व में संस्थान में हिन्दी प्रगति व संस्थान में पहली राजभाषा निरीक्षण समिति की जानकारी दी।



## पीएम के स्वागत में पुष्प वर्षा करने की मांग

चम्पावत, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में पुष्प वर्षा करने की अनुमति को लेकर सांसद अजय टम्टा और डीएम नवनीत पांडे ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि लोहाघाट नगर के अद्वैत आश्रम मायावती में प्रधानमंत्री मोदी का आगमन प्रस्तावित है। जिसके लिए नगर की महिलाएं, नगर के नागरिकों और विद्यालय के छात्र–छात्राओं की इच्छा है कि उनके आगमन पर सड़क के दोनों तरफ खड़े होकर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत और अभिनन्दन किया जाय। प्रधानमंत्री की पहल पर भारत सरकार ने महिलाओं के सम्मान में 33 प्रतिशत आरक्षण बिल को मंजूरी दी गई है।

## मेडिकल कॉलेज की टीम ने महिला कॉलेज का किया निरीक्षण



हल्द्वानी। महिला डिग्री कॉलेज में एनएसएस इकाईयों और राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी की ओर से शुक्रवार को डेंगू की रोकथाम को लेकर जागरूकता शिविर लगाया गया। प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने इस तरह के शिविरों को महत्वपूर्ण बताया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य हल्द्वानी शहर में बढ़ते डेंगू के प्रकोप को रोकना एवं इसके बचाव के उपायों पर चर्चा करना है। मुख्य वक्ता राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के डॉ. दीपक जोशी ने कहा कि हमें अपने आसपास गमलों में रखी प्लेट, रुके हुए पानी, टायरों में एकत्रित पानी की समय–समय पर सफाई करनी चाहिए। बाल विक्रम बोरा ने डेंगू मच्छर की संरचनात्मकता के बारे में बताते हुए मच्छर के लक्षण एवं उसके जीवन चक्र के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललिता जोशी ने डेंगू के लक्षण बताए। अंत में मेडिकल कॉलेज की टीम ने कॉलेज परिसर का भ्रमण कर डेंगू फ्री जोन घोषित है। कार्यक्रम का संचालन एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. रेखा जोशी द्वारा किया गया।

### बागेश्वर में श्राद्ध करना होता है कल्याणकारी, पितरों को मिलती है मुक्ति

बागेश्वर, पितृपक्ष में अधिकांश लोग अपने घर पर ही ब्राह्मणों को भोजन करवारकर अपने पूर्वजों का श्राद्ध करते हैं, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कि तीर्थ स्थानों पर जाकर अपने पितरों के लिए पिंडदान करते हैं और वहां उनका श्राद्ध करते हैं। बागेश्वर को कुमाऊं की काशी कहा जाता है। यहां के बारे में ऐसी मान्यता है कि यहां आकर पितरों का श्राद्ध करने से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। वायु पुराण के साथ गरुड़ पुराण और विष्णु पुराण में गया तीर्थ का महत्व सबसे अधिक माना गया है। श्राद्ध कर्म करने के लिए यह स्थान सबसे पवित्र माना गया है। पुराणों में यह स्थान मोक्ष की भूमि और मोक्ष स्थली कही जाती है।

## अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में शिक्षक सम्मानित



अल्मोड़ा। राजकीय शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी धौलादेवी के तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर बीआरसी सभागार में शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए राजकीय शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री रविशंकर गुसांई ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा प्रणाली पूंजीवादी व्यवस्था से पीड़ित है। सरकारी स्कूलों को संसाधन सम्पन्न बनाया जाना था लेकिन वे सरकारों के लिए मात्र प्रयोगशाला बनकर रह गये है। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भारतेन्दु जोशी ने कहा कि सरकारी स्कूलों का अतीत काफी गौरवशाली रहा है। इन्हीं सरकारी स्कूलों से पढ़कर कई प्रतिभाऐं आज देश ही नहीं विदेशों में भी भारत का नाम रोशन कर रहीं हैं। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष राजू महरा ने शिक्षण की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए सभी शिक्षकों से शिक्षण में तकनीक का प्रयोग करने पर जोर दिया। इस मौके पर ब्लॉक में उत्कृष्ट कार्य के लिए सेवानिवृत शिक्षक बहादुर सिंह रावत, राउमावि चेलछीना से कविता चौबे, राउमावि बानठौक से जीवन लाल आदि को सम्मानित किया गया।

## पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन



अल्मोड़ा। पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन सांख्यिकी कार्यक्रम मंत्रालय राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय देहरादून के उप महानिदेश-क अजीत कुमार और उपनिदेशक स्नेह कीर्ति एवं सहायक निदेशक शुभम त्रिपाठी, लाल जी गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यशाला को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा सर्वेक्षण के उद्देश्यों एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाजार्थिक सर्वेक्षण के अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पारिवारिक उपभोग व्यय को इसमें सम्मिलित किया गया है। इस सर्वेक्षण के माध्यम से कई संकेत के संकलन के लिए डाटा का संग्रह किया जाना है जैसे ग्रामीण और शहरी भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों का संकलन, कुल उपभोग में विभिन्न वस्तु समूहों के बजट शेयरों का निर्धारण, जीवन स्तर, सामाजिक उपभोग और कल्याण और उसमें असमानताओं के सांख्यिकीय संकेतांक के संकलन। इन विषयों पर उपलब्ध आंकड़े देश में घरेलू उपभोग व्यय की स्थिति का आंकलन करने में मदद करेंगे। पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों का उपयोग नीति आयोग, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय व विभाग तथा अन्य संस्थानों द्वारा देश की जनता के लिए नीति–निर्धारण व विभिन्न योजनाओं के लिए किया जाएगा।

### एनएच व जल संस्थान पर लीपापोती करने का आरोप

चम्पावत, व्यापारियों ने एनएच और जल संस्थान की कार्य प्रणाली पर नाराजगी जताई है। उन्होंने पीएम के दौरे को लेकर स्टेशन में किए जा रहे निर्माण कार्य में लीपापोती करने का आरोप लगाया है। कार्य में गुणवत्ता नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। लोहाघाट के व्यापारियों ने एनएच और जल संस्थान पर निर्माण कार्य में लीपापोती करने का आरोप लगाया है। स्टेशन बाजार में पीएम मोदी के दौरे को देखते हुए मरम्मत कार्य किया जा रहा है।

यहां नालियों में पटाल रखने का कार्य तीन साल से रुका था। इधर जल संस्थान ने भी नालियों में पेयजल लाइनें ठीक से नही बिछाई थी।

## भूमि को फ्रीहोल्ड करने और मेडिकल कॉलेज की मांग उठी



चम्पावत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित दौरे पर लोहाघाट आए सांसद अजय टम्टा को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी और पूर्व छात्र अध्यक्ष राजू गड़कोटी ने नजूल भूमि को फ्री होल्ड करने और जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। गड़कोटी ने कहा कि पीएम मोदी के लोहाघाट आगमन को लेकर क्षेत्रीय जनता में खासा उत्साह बना हुआ है। प्रधानमंत्री के स्वागत और दर्शन के लिए क्षेत्र की जनता बेसब्री से इंतजार कर रही है। गड़कोटी ने अपने मांग पत्र में कहा है कि लोहाघाट क्षेत्र की ब्रिटिश काल से चली आ रही नजूल भूमि को फ्रीहोल्ड करने के संदर्भ में कुछ सकारात्मक करवाई माननीय प्रधानमंत्री से क्षेत्रीय जनता की भावनाओं के अनुरूप करने का निवेदन किया है। लंबे समय से चली आ रही जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग को भी अपने क्षेत्रीय दौरे के दौरान पूरी करने की मांग की है।

## स्वास्थ्य विभाग में हुई भर्ती परीक्षा की जांच करें



चम्पावत, टनकपुर के कक्ष सेवकों ने चम्पावत जिले के स्वास्थ्य विभाग में हुई भर्ती परीक्षा की जांच की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में कैंप कार्यालय के जरिए सीएम को ज्ञापन भेजा है। टनकपुर के कक्ष सेवकों ने नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल को ज्ञापन दिया। कहा कि चम्पावत में हाल में आईसीयू संचालन के लिए पीईजेकेएस कंपनी ने कर्मचारियों की भर्ती की है। उन्होंने भर्ती में धांधली करने का आरोप लगाया। कहा कि पांच वर्ष से अधिक सेवा करने के बाद भी उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने भर्ती परीक्षा की जांच की मांग की। यहां वार्ड ब्वॉय विरेंद्र शर्मा, सुनील नरियाल, स्वच्छक गीता देवी आदि शामिल रही। इधर सीएमओ ने आरोपो को निराधार बताया है। मामले में सीएमओ डॉ केके अग्रवाल ने सारे आरोपों को निराधार बताया है।

### ट्रांजिट कैंप में सड़क को हॉट मिक्स बनाने का कार्य शुरू

रुद्रपुर, ट्रांजिट कैंप में थाने के निकट सुभाष पार्क से मुख्य बाजार को जाने वाली सड़क को हॉटमिक्टस बनाने का कार्य शुरू हो गया है। करीब सवा किमी तक सड़क को हॉटमिक्स बनाया जा रहा है। लंबे समय से सड़क की हालत खराब थी।

मेयर रामपाल सिंह ने बताया कि ट्रांजिट कैंप थाने के निकट, सुभाष पार्क से मुख्य बाजार, मछली बाजार से होकर पानी की टंकी वाली गली के अंत तक करीब सवा किमी सड़क को हॉट मिक्स किया जा रहा है। दुर्गा पूजा से पहले इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्ग की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए ठेकेदार को सख्त हिदायत दी गई है। सड़क एक फिट ऊंची बनाई जाएगी।

## जीआईसी हवालबाग को पांचवी बार मिला एटीएल स्कूल ऑफ द मंथ पुरस्कार



अल्मोड़ा। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज हवालबाग की अटल टिंकरिंग लैब को भारत सरकार के नीति आयोग के अटल इन्नोवेशन मिशन के अंतर्गत एटीएल स्कूल ऑफ द मंथ हेतु अगस्त माह के लिए चयनित किया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य व एटीएल इंचार्ज डॉ. कपिल नयाल ने बताया कि इस एटीएल को जुलाई माह व पूर्व में भी 3 बार एटीएल स्कूल ऑफ द मंथ चुना जा चुका है। इस हेतु अटल टिंकरिंग लैब में होने वाली गतिविधियों, कार्यशालाओं, व्याख्यानों, मेंटरिंग सेशंस तथा विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रोजेक्ट्स व एटीएल डैशबोर्ड में प्रदर्शन के आधार पर अटल इन्नोवेशन मिशन द्वारा देश भर में स्थापित प्रयोगशालाओं में से सर्वोत्तम लैब का चयन किया जाता है। विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब को पूर्व में स्टार एटीएल ऑफ इंडिया भी चुना जा चुका है। उन्होंने बताया कि विद्यालय की एटीएल को जनपद अल्मोड़ा के 30 विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ ही नैनीताल जनपद के जवाहर नवोदय विद्यालय सहित 4 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने एटीएल का भ्रमण कर रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, त्रिविमीय प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स संबंधी अवधारणाओं को हैंडसऑन के माध्यम से समझा है।

## पीएम मोदी के आने की तैयारियों के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लियाः जोशी



हल्द्वानी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुमाऊं दौरे को लेकर भाजपा की तैयारियां तेज हो गयी हैं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी अपने चार दिवसीय पिथौरागढ़ दौरे से लौटने के बाद शुक्रवार को हल्द्वानी में प्रेसवार्ता की। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 12 अक्टूबर को पिथौरागढ़ के दौरे को लेकर उन्होंने पिथौरागढ़, लोहाघाट, जागेश्वर आदि प्रस्तावित स्थानों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पार्टी कार्यकर्ताओं से लेकर आम जनता में उत्साहित देखने को मिला। बताया कि पीएम के यहां आने से बहुत राज्य को एक नई पहचान मिली है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, चंपावत सभी जिलों में सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। पार्टी स्तर पर भी कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। जिसमें सबसे पहले जागेश्वर, ज्योलिकोंग, आदि कैलाश, पार्वती कुंड, गुंजी में आईटीबीपी के जवानों के साथ मुलाकात सहित पिथौरागढ़ जनपद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 अक्टूबर को करीब दोपहर 02 बजे नैनी सैनी हवाई अड्डा पहुंचेंगे

### थल–मुनस्यारी सड़क को दुरस्त करें प्रशासन

पिथौरागढ़, थल–मुनस्यारी सड़क की बदहाली को लेकर लोगों में आक्रोश है। मल्ला जोहार समिति के अध्यक्ष श्रीराम धर्मशक्तू का कहना है कि दो माह से बनिक के समीप भू धंसाव के कारण मार्ग टूटा हुआ है। बावजूद इसके सड़क को ठीक नहीं किया जा रहा है। इससे स्थानीय लोग तो परेशान हैं ही साथ ही दिल्ली, बंगाल, हरियाणा सहित अन्य अन्य राज्यों से यहां आने वाले पर्यटकों को भी दिक्कत उठानी पड़ रही है। धर्मशक्तू ने कहा कि अगर शीघ्र ही सड़क सुधारीकरण को लेकर कोई पहल नहीं हुई तो आमजन को साथ लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## पीएम मोदी के दौरे को लेकर चल रही तैयारियों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा



अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने आज जागेश्वर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर, जागेश्वर बाजार तथा सड़कों में चल रहे कार्यों तथा साफ सफाई के कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधितों को कहा कि जो कार्य अधूरे हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए तथा निर्देशित किया कि किसी भी कार्य में कोई कमी न रहने पाए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचंद्र राजगुरु, उपजिलाधिकारी एनएस नगन्याल समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# आज स्कूलों और विवि में उत्साह से मनाया जाएगा गढ़ भोज दिवस

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड की परंपरागत फसलों एवं भोजन के उत्सव गढ़ भोज दिवस को इस बार सात अक्टूबर को बृहद रूप से मनाया जाएगा। राज्य सरकार के द्वारा स्कूल, कालेजों, स्वास्थ्य विभाग एवं विश्वविद्यालय को पत्र जारी कर अनिवार्य रूप से गढ़ भोज दिवस मनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। पर्वतीय विकास शोध केंद्र के नोडल अधिकारी डा. अरविंद दरमोड़ा ने बताया की नई पीढ़ी परंपरागत मोटे अनाजों से बनने वाले भोजन को जानें और इसे अपनी थाली का हिस्सा बनाएं इसके लिए हिमालय पर्यावरण जड़ी-बूटी एग्रो संस्थान जाड़ी के द्वारिका प्रसाद सेमवाल एवं प्रणेता गढ़ भोज अभियान, वर्ष 2000 से गढ़ भोज अभियान के माध्यम से प्रयासरत है। दरमोड़ा ने बताया कि वर्ष 2021 को गढ़ भोज वर्ष के रूप में मनाया गया। वर्ष 2022 में उत्तराखंड सरकार के द्वारा वर्षों से गढ़ भोज को मिड डे मील योजना में शामिल करने की मांग को स्वीकार कर इसे मिड डे मील में शामिल किया गया। कहा कि गढ़ भोज दिवस की कल्पना के पीछे मात्र एक उत्सव का विचार नहीं है, बल्कि वर्ष में कम से कम एक दिन उत्तराखंड के औषधीय गुणों से भरपूर फसलों से बनने वाले भोजन को मुख्यधारा से जोड़ने पर चर्चा करना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सहकारिता विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग को गढ़ भोज दिवस मनाने के निर्देश जारी किए हैं। इस उपलक्ष्य में स्कूल, कालेजों, मेडिकल कालेजों व अस्पतालों में सेमिनार, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्वाद प्रतियोगिता के साथ ही एवं गढ़ भोज बनाया जाएगा। देहरादून में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ननूरखेड़ा रायपुर में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पर्वतीय विकास शोध केंद्र, तत्व फाउंडेशन, जाड़ी संस्थान एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए प्रो. यतीश वशिष्ठ के द्वारा सहयोग किया जा रहा है। (एजेंसी)

# प्राथमिकता पर क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरस्त करें

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने एनएच, लोनिवि, पीएमजीएसवाई, बीआरओ को अपनी सड़कों को शीघ्र गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि गुणवत्ता के साथ सड़कों पर पैचवर्क पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने गुरुवार को सड़क निर्माण करने वाले सभी विभागों की बैठक लेते हुए सड़कों को पैचलैस/गड्ढा मुक्त करने को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी डिविजन शीर्ष प्राथमिकता पर क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरस्त करें। जिन डिविजनों ने अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किया है वो शीघ्र शुरू करें। कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि इसकी नियमित समीक्षा भी की जाएगी और लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के सभी डिविजनों में 35 सड़कों पर 162.72 किलोमीटर पैचवर्क का लक्ष्य है। जिसमें से अधिकांश सड़कों पर पैचवर्क कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जबकि पीएमजीएसवाई द्वारा विभिन्न सड़कों पर 96.39 किलोमीटर पैचवर्क किया जाना है। जिसका प्रस्ताव तैयार किया गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ. दीपक सैनी, एसडीएम कुमकुम जोशी समेत एनएच, लोनिवि, पीएमजीएसवाई तथा बीआरओ के अधिशासी अभियंता उपस्थित थे। (एजेंसी)

# 50 मीटर दौड़ में अनमोल, राखी दौड़ सबसे तेज

### ब्लॉक स्तरीय शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : कल्जीखाल ब्लाक की शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिताएं राजकीय इंटर कॉलेज कांसखेत में शुक्रवार को शुरू हो गई। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख वीना राणा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी विशेष महत्व है। पढ़ाई एवं खेल खेलते समय लक्ष्य निर्धारण व एकाग्रता का होना अत्यंत आवश्यक है। लक्ष्य निश्चित हो तो सफलता भी निश्चित है। खेल-खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। छात्र-छात्राएं लक्ष्य निर्धारण कर कार्य करें। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मार्च पास्ट की सलामी और खेल ध्वजारोहण के साथ ब्लाक प्रमुख कल्जीखाल प्रमुख बीना राणा ने किया। ब्लाक प्रमुख ने सभी छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही। शुक्रवार को हुई 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में पहले स्थान पर अनमोल, दूसरे पर आयुष और तीसरे पर सोहन रहे। बालिका वर्ग में राखी ने पहला, उपासना ने दूसरा, अदिति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सुलेख हिन्दी प्रतियोगिता में लखन ने बाजी मारी, जबकि रितिका दूसरे तो साक्षी तीसरे स्थान पर रही। सुलेख अंग्रेजी पवन ने पहला, खुशी ने दूसरा और रक्षिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मानचित्र प्रतियोगिता में उपासना ने पहला, प्रिया ने दूसरा और आरूषी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### एनएसयूआई ने घोषित किए प्रत्याशी

नई टिहरी : केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर बादशाहीथौल में आगामी छात्र संघ चुनाव के लिए एनएसयूआई ने विभिन्न पदों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विपिन रावत ने बताया कि, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश राणा की की संस्तुति पर परिसर से कपीश्वर मिश्रा को अध्यक्ष तथा सुनील परिहार को विवि प्रतिनिधि पद पर प्रत्याशी घोषित किया है। (एजेंसी)

# पर्यटक लेंगे ट्राउट फिश से बने लजीज व्यंजनों का आंनद





चमोली : बैरांगना मत्स्य प्रजनन केंद्र को मॉडल टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा यहां पर पर्यटकों की सुविधा के लिए आकर्षक रेनबो ट्राउट फिश कैफे तैयार किया गया है। कैफे के पास बैरांगना नदी किनारे फिश एग्लिंग प्लेटफार्म भी बनाए गए है। बैरांगना फिश कैफे में पर्यटक फिश एग्लिंग का लुफ्त उठाने के साथ रेनबो ट्राउट फिश से बने लजीज व्यंजनों का भी आंनद ले सकेंगे। यहां पर विजिट करने वाले पर्यटकों को केन्द्र में मछली की ब्रीडिंग एवं हैचरी के बारे में भी जानकारी मिलेगी। फिश कैफे को चोपता एवं आसपास आने वाले पर्यटकों से जोड़कर प्रशासन द्वारा यहां पर पर्यटक गतिविधियां बढाने पर जोर दिया जा रहा है।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को बैरांगना मत्स्य प्रजनन केंद्र में निर्मित ट्राउट फिश कैफे का निरीक्षण किया। उन्होंने मत्स्य अधिकारी को निर्देशित किया कि फिश कैफे को जल्द से जल्द लीज पर आवंटित करते हुए शीघ्र इसका संचालन शुरू किया जाए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और स्थानीय मत्स्य पालकों को भी कैफे से जोडा जाए। इससे पर्यटकों को लोकल उत्पाद और व्यंजन उपलब्ध होंगे और स्थानीय लोगों की आजीविका बढेगी। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक आनंद सिंह, प्रभारी सहायक मत्स्य निदेशक जगदंबा, ग्रामीण निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एलपी भट्ट आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### छात्रों से सकारात्मक रहने की अपील

श्रीनगर गढ़वाल : रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास श्रीनगर गढ़वाल में रोटरी क्लब की ओर से न्यूरो टेक्नोलॉजी ऑफ सक्सेस न्यूरो लोंगिस्टिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्रो. डीएस नेगी रहे। इस मौके पर प्रो. नेगी ने छात्रों को मनोविज्ञान से संबधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से किसी भी परिस्थिति में सकारात्मकता की ओर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. रेखा उनियाल, रोटरी क्लब अध्यक्ष राहुल कपूर आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# मशरूम स्वरोजगार का महत्वपूर्ण विकल्प : प्रो. नेगी

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर स्थित ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग में मशरूम की खेती एवं स्पान उत्पादन, कौशल एवं क्षमता निर्माण विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण के प्रथम दिन मशरूम उत्पादन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने मशरूम को आर्थिकी का बेहतर जरिया बताते हुए इसे स्वरोजगार का महत्वपूर्ण विकल्प बताया।प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि कृषि संकायाध्यक्ष प्रो. एके नेगी ने मशरूम के विभिन्न प्रकारों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने मशरूम उत्पादन में रोजगार की संभावनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. आरएस नेगी द्वारा ढिंगरी मशरूम उत्पादन सबंधित रोजगार के साधनों के बारे में अवगत करते हुए आत्मनिर्भर होने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. एमएस नेगी ने मशरूम उत्पादन की बढ़ती मांग को केंद्रित कर युवाओं को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र में नितेश रावत एवं नवदीप राणा द्वारा प्रयोगात्मक प्रशिक्षण में ढींगरी मशरुम के उत्पादन हेतु सब्सट्रेट तैयार करने की विधि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# पुलिस ने विदेशी यात्री का बैग और नगदी लौटाई

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर पुलिस ने मलेशिया मूल के विदेशी यात्री योगेश कवारा राव नत चाना का खोया हुआ बैग 26 हजार रूपए की धनराशि के साथ लौटाया है। योगेश कवारा दो अक्टूबर को केदारनाथ यात्रा हेतु उत्तराखंड आए थे। यात्रा के दौरान उनका बैग लक्ष्मोली बागवान में खो गया था। जिसे कीर्तिनगर पुलिस ने बरामद किया। उक्त बैग में 26 हजार रूपए नगद, एक सफेद लॉकेट, फोन एडेप्टर, इयरपोड्स, मोबाइल चार्जर डाटा केबल, एक डायरी व किताब, संबंधित का ड्राइविंग लाइसेंस, आइडेंटिटी कार्ड, एटीएम कार्ड व कपड़े आदि थे।कोतवाली निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि बैग स्वामी की जानकारी करने के काफी प्रयास किए गए लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। बाद में मलेशियन एंबेसी से एलआईयू के माध्यम से तथा कोतवाली कीर्तिनगर द्वारा मेल से संबंधित विदेशी व्यक्ति का बैग बरामदगी की सूचना दी गई थी। जिसके फलस्वरूप मलेशियन एंबेसी द्वारा बैग स्वामी योगेश कवारा राव नत चाना को उनके फोन पर बैग कीर्तिनगर पुलिस द्वारा बरामद करने की सूचना दी गई। जिस पर बैग स्वामी विदेशी यात्री शयोगेश कवारा राव नत चाना ने कीर्तिनगर पुलिस थाने पहुंच कर अपना बैग मय समस्त सामान व नगदी के साथ प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि अपना बैग वापस पाकर विदेशी यात्री ने उत्तराखंड पुलिस की प्रशंसा कर धन्यवाद दिया। (एजेंसी)

# सरकारी परिसंपत्तियां आम जनता को मिलेगी किराए पर



चमोली : सरकारी विभागों की परिसंपत्तियों को आम जनता के उपयोग के लिए किराए पर दिया जा सकेगा। परिसंपत्तियों को किराए पर देने से जो राजस्व प्राप्त होगा उसका 50 प्रतिशत विभाग को और 50 प्रतिशत राजकोष में जमा किया जाएगा। किराए की दर जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा तय की जाएगी।

जनपद में विभागीय परिसंपत्तियों को चिन्हित करने हेतु शुक्रवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने समस्त विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि विभाग की ऐसी परिसंपत्तियां जिनको आम जनता के उपयोग हेतु किराए पर दिया जा सकता है उनको चिन्हित और सूचीबद्ध किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे विभाग की परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग के साथ राजस्व भी प्राप्त होगा। इससे जो आय प्राप्त होगी उससे विभाग अपनी परिसंपत्तियों की मरम्मत आदि में खर्च कर सकते है। उन्होंने कहा कि इससे विभागों को ही फायदा मिलेगा। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध किए गए परिसंपत्तियों की गहनता से समीक्षा की गई। बैठक में डेयरी विकास अधिकारी के उपस्थित न रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका वेतन रोकने के निर्देश भी दिए। बैठक में डीएफओ इन्द्र सिंह नेगी, अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, अन्य विभागीय अधिकारियों सहित सामाजिक कार्यकर्ता ज्ञानेन्द्र खंतवाल, हिमांद संस्था के सचिव उमा शंकर बिष्ट आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

### भैयादूज को स्थानीय अवकाश घोषित

चमोली : प्रभारी अधिकारी जितेन्द्र राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद चमोली की स्थानीय अवकाश की सूची में पितृ विसर्जन हेतु 14 अक्टूबर को अवकाश घोषित किया गया था। सम्यक विचारोपरान्त पितृ विसर्जन अवकाश को संशोधित करते हुए 15 नवम्बर को बुधवार भैयादूज स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। (एजेंसी)

# 6 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर में शुक्रवार को छात्र संघ चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन के पहले दिन 6 प्रत्याशियों ने नामांकन किए।

मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. राजेश डंगवाल ने बताया कि शुक्रवार को नामांकन के पहले दिन 6 प्रत्याशियों ने नामांकन किए।

शनिवार को भी नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी। शुक्रवार को अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी ऋतिक सिंह असवाल, उपाध्यक्ष पद पर आर्यन छात्रसंगठन के रोहित कुमार, सचिव पद पर आर्यन छात्र संगठन के रितिक रावत, कोषाध्यक्ष पद पर लविश नेगी, यूआर पद पर निर्दलीय प्रत्याशी विनय रावत व छात्रा प्रतिनिधि पर खुशी ने अपना नामांकन किया।


उत्तर रेलवे
ई–नीलामी

| क्रम सं. कोटेगरी | ई-नीलामी की तिथि |
|---|---|
| 1 ... LEDs ... | 25.10.2023 |
| 2 ... | 25.10.2023 |
| 3 ... (देहरादून स्टेशन) | 25.10.2023 |
| 4 ... (CMU) | 25.10.2023 |

3113/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
निविदा विस्तारीकरण सूचना दिनांक 06.10.2023
एतद्द्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई- निविदा संख्या 22/2023-24 जिनकी निविदा प्रपत्र ऑनलाइन (कार्यालय में) जमा करने की तिथि 06.10.2023 की एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन निविदा भाग-1 खुलने की तिथि 07.10.2023 थी, को किन्ही प्रशासनिक कारणों से विस्तारित करते हुए ... निविदा प्रपत्र ऑनलाइन (कार्यालय में) जमा करने की तिथि 11.10.2023 एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन निविदा भाग-1 खुलने की तिथि 12-10-2023 की जाती है। अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।
अधीक्षण अभियन्ता
राष्ट्र हित में बिजली बचायें


# राहुल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर भड़के कांग्रेस, फूंका भाजपा का पुतला

नई टिहरी : भाजपा की ओर से सोशल मीडिया पर कांग्रेस वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किए जाने से भड़के कांग्रेसियों ने भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा का पुतला आग के हवाले करते हुए घटना पर कड़ा रोष जताया है।

भाजपा ट्विटर हैंडल से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किए जाने पर शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बौराड़ी साईं चौक पर प्रदर्शन करते हुए भाजपा का पुतला दहन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि भाजपा के पास विकास का और जनहित का कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए देश में आम चुनाव नजदीक आते जनमानस का ध्यान भटकने के लिए भाजपा भाजपा के लोग अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं। नगर अध्यक्ष कुलदीप सिंह पंवार ने कहा कि, जिस दिन भारतीय जनता पार्टी की सच्चाई देश की आम जनता के सामने आएगी भाजपा का उसी दिन पतन होना शुरू हो जाएगा, क्योंकि भाजपा के पास विकास का कोई रोड मैप नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय लोगों से झूठे वादे करके भाजपा सरकार में आई है, लेकिन वह अपना एक भी वादा पूरा नहीं कर सकी है। आज महंगाई सातवें आसमान पर है, भाजपा का अपना खजाना खूब भर रहा है लेकिन लोग दर-दर के ठोकरे खा रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में महिला जिलाध्यक्ष आशा रावत, ममता उनियाल, मीना शाह, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र नौटियाल, प्रदेश सचिव सैयद मुसरफ अली, मानसिंह रौतेला, विजयपाल सिंह रावत, आनंद सिंह मंदरवाल, निहाल सिंह नेगी, लखबीर सिंह चौहान, बलवीर कोहली, नवीन सेमवाल, गबर सिंह रावत, विजेंद्र सिंह रावत, नफीस खान, शैलेंद्रकांत, संतोष आर्या आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# छात्रों को आग और बाढ़ से बचाव के तरीके बताएं

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के राइंका ठेला में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से एक दिवसीय आपदा त्वरित राहत–बचाव कार्य एवं जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्य की जानकारी डेमो के माध्यम से दी गई। डीएम के निर्देश पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के आयोजित जागरुकता कार्यक्रम के तहत राइंका घुमेटीधार में विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टॉफ को आपदा उपकरणों की जानकारी, आपातकालीन स्ट्रेचर बनाना, प्राथमिक उपचार, आग से बचने के तरीके और बाढ़ से बचाव के तरीके आदि की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही आपदा के समय आपातकालीन परिचालन केंद्र, राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के सम्पर्क नम्बरों व टोल फ्री नम्बर की जानकारी देने के साथ ही विद्यालय परिसर के सुरक्षित स्थान एवं निकासी मागी की भी जानकारी दी गई। (एजेंसी)

# दुकान में शराब पकड़ी

पिथौरागढ़(आरएनएस) गंगोलीहाट पुलिस ने एक दुकान में अवैध शराब पकड़ी है। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष मंगल सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने एक दुकान में छापा मारा। जांच के दौरान दुकान से अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने संबंधित दुकान संचालक प्रकाश चंद्र के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।


उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 183-(3R)W-MB-73-24 Dt : 05.10.2023 |
| Name of Work : TTR of 17 Nos (1 in 12) 3 in MB-CH & 14 in BE-CH section and 3 Nos of 1 in 8.5 (BE-CH) section locations under ADEN-CH | |
| Tender Closing Date Time | 30.10.2023 |
| Advertised Value (Rs.) | Rs.2,27,56,864.60 |
| Earnest Money (Rs.) | Rs.2,64,000.00 |
| Bidding Start Date | 16.10.2023 |
| Period of Completion | 4 Months |

टेंडर नं. 75-W/3/3/WA/Publication दिनांक : 05.10.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# निबंध में संजना, चित्रकारी में आरती ने मारी बाजी

नई टिहरी : विश्व स्तन कैंसर जागरूकता माह के मौके पर हंस फाउंडेशन चंबा की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने राजकीय बालिका इंटर कालेज चंबा की छात्राओं के साथ नगर में जागरुकता रैली निकाली। मेडिकल यूनिट ने लोगों को स्तन कैंसर के बारे में जागरूक करने के साथ ही स्कूल में पीपीटी और वीडियो के माध्यम से छात्राओं को इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी। हंस फाउंडेशन के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राहुल कैंतुरा ने बताया कि, हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ शिविर के साथ साथ जागरूकता अभियान पर भी विशेष ध्यान देती है, जिससे लोगों को अपने स्वास्थ और बीमारियों के बारे ज्यादा जानकारी हो सके। इस मौके पर भारत में स्तन कैंसर और जागरूकता विषय पर निबंध और चित्रकारी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। निबंध में संजना प्रथम, आरती डिमरी द्वितीय तथा राधिका तृतीय जबकि चित्रकारी प्रतियोगिता में आरती प्रथम, साहिबा द्वितीय व अनन्या तृतीय रही। इस मौके पर प्रधानाचार्य किरण खंडूरी, कार्यक्रम समन्वयक स्तुति बिष्ट, डॉ. मनु बाला. डॉ. दिनेश चौधरी, डॉ. सुंदर, डॉ. नितिन, फार्मासिस्ट अजय चौकियाल, राकेश, पार्वती, आशीष लैब टेक्नीशियन अरूण भंडारी, हिमाशु, योगेश, विजय चौहान, विजय रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### मार्च पास्ट में मेहलचौरी संकुल रहा अव्वल

चमोली : मेहलचौरी के खेल मैदान में शुक्रवार से प्रारंभिक शिक्षा की तीन दिवसीय ब्लॉक क्रीड़ा प्रतियोगिताएं प्रारंभ हो गयी हैं। मुख्य अतिथि नपंअ पुष्कर सिंह रावत एवं खंड शिक्षा अधिकारी विनोद सिंह की अध्यक्षता में प्रारंभ हुये इस प्रतियोगिता के प्रथम दिन मार्च पास्ट से एनपीआरसी मेहलचौरी ने पहला, कुशरानी ने दूसरा तथा रोहिड़ा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 600 मीटर दौड़ में मोहित, हिमांशु योगेश तथा बालिका वर्ग में तानिया, खुशी एवं हेमा ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व गत वर्ष के चैंपियन विपिन ने मशाल जला कर व मौजूद खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलायी।

# कर्मचारी अपने कार्य क्षेत्रों में बैठें : बीडीओ

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : बीरोंखाल खण्ड विकास अधिकारी जयपाल सिंह ने ब्लाक मुख्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि कर्मचारी अपने कार्य क्षेत्रों में बैठें। बीडीओ ने कहा कि ग्रामीण लगातार शिकायत करते आ रहे हैं कि वीपीडीओ और वीडीओ अपने कार्य क्षेत्रों में नहीं रहते हैं, जिससे लोगों को अपनी छोटी सी समस्या के लिए ब्लाक मुख्यालय आना पड़ता हैं। उन्होंने निर्देश दिए की सभी कर्मचारी अपने मुख्यालय के बाहर सूचना पट पर ग्राम पंचायतवार कार्य दिवसों की सूचना अंकित करें,


**छावनी परिषद् लैन्सडौन (पौड़ी गढ़वाल)**

**नीलामी सूचना**

**शुद्धि पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छावनी परिषद् लैन्सडौन के द्वारा कार्यालय के निष्प्रयोगीय वस्तुओं की नीलामी हेतु ऑनलाईन कोटेशन/बोली www.def-proc.gov.in वेबसाईट पर निविदा आमंत्रित की गई थी जिसके लिए दिनांक 05 अक्टूबर 2023 को अमर उजाला एवं दैनिक जयन्त में सूचना प्रकाशित की गइ थी जिसमें ऑन लाइन कोटेशन भरने की अन्तिम तिथि 10 अक्टूबर 2023 समय 1300 बजे के स्थान पर 11 अक्टूबर 2023 समय 1300 बजे एवं कोटेशन खोलने की तिथि 11 अक्टूबर 2023 समय 1300 के स्थान पर 12 अक्टूबर 2023 समय 1300 बजे पढी/समझी जाये।
पत्रांक सं0 204/नीलाम/2023-24/छा0परि0
दिनाँक : 06 अक्टूबर 2023

मुख्य अधिशासी अधिकारी
छावनी परिषद् लैन्सडौन।

सम्पादकीय

## धोखेबाज बिल्डरों का चक्रव्यूह

आम आदमी के लिए उसका अपना एक घर ऐसा सपना होता है जिसे पूरा करने के लिए वह अपनी जिंदगी की पूरी जमा पूंजी झोंक देता है। अक्सर कुछ लोगों को उसे घर का सुकून मिलता है तो कुछ अपनी जमा पूंजी को ऐसे लोगों के हाथ गवा देते हैं जो सपनों का घर दिखाकर चंपत हो जाते हैं। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में ऐसे कई धोखेबाज बिल्डर सक्रिय हैं जिन्होंने करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी कर लोगों के खून पसीने की कमाई को हड़प लिया है। आधुनिक और सुविधाओं से युक्त कॉलोनी व फ्लैट सोसाइटी के लुभावने सपने दिखाकर एडवांस पैसा लिया गया जो कई करोड़ में बैंकों में जमा हुआ और इसके बाद ना तो निवेशकों को फ्लैट मिला और ना ही पैसा। उत्तराखंड पुलिस ने पिछले कुछ दिनों में ऐसे दो बड़े मामलों का खुलासा किया है जिसमें फ्लैट के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी से डोनवासियों को चूना लगाया गया। धोखेबाज बिल्डरों ने कॉलोनी को इस प्रकार से पेश किया कि लोग उनके जाल में फंसते चले गए और बिल्डर करोड़ों की रकम लपेटकर दूसरे शहरों में जा बसे। अब सवाल यह उठता है कि आखिर धोखेबाज बिल्डरों और प्रॉपर्टी डिलरों की हरकतों पर रोकथाम लगे तो कैसे लगे? बिल्डर अपना काम इतनी चतुराई और दस्तावेजों की गोपनीयता छिपा कर करते हैं कि निवेशक उसका तकनीकी पक्ष समझ ही नहीं पाते और केवल वे बातें उन्हें बताई जाती है जो खुद बिल्डर के हित की होती हैं। आज सैकड़ो लोग ऐसे हैं जो अपनी जमां पूंजी वापस लेने के लिए पुलिस थाना व अदालतों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कुछ बिल्डरों के पकड़े जाने के बाद भी अभी यह निश्चित नहीं है की निवेशकों की जिंदगी भर की जमा पूंजी वापस मिलेगी भी या नहीं। कुछ बिल्डरों ने धोखाधड़ी से कमाई गई इस रकम से विदेश तक में फ्लैट एवं जमीन जोड़ ली है तो कुछ देहरादून से ही बोरिया बिस्तर समेट कर दूसरे शहरों में आलीशान जिंदगी जी रहे हैं। जिन बिल्डरों को पकड़ा गया है उनसे निवेशकों का पैसा वापस लौटाया जाएगा भी या नहीं इस पर अभी कोई निश्चित मोहर नहीं लगी है। कम से कम जेल में रहने के दौरान तो यह पैसा मिलने वाला नहीं है और ना ही इन बिल्डरों की संपत्ति की विस्तृत जानकारी जांच एजेंसी के पास है। कोई भी व्यक्ति जो भूमि या मकान संबंधी संपत्ति में निवेश करना चाह रहा हो वह उक्त प्रोजेक्ट या जमीन के बारे में पूर्ण जानकारी जुटाना और एक भी पैसा किसी भी बिल्डर या प्रॉपर्टी डीलर को देने से पहले जमीन संबंधी दस्तावेजों की भलीभांति जांच पड़ताल करें। लोगों की खुद की जागरूकता उनके जीवन भर की जमा पूंजी को बचा सकती है बशर्ते इसके लिए स्वयं थोड़े से प्रयास एवं दस्तावेजों की तकनीकी सत्यता जांचनी ही होगी।

# महिला सशक्तिकरण और आरक्षण में फर्क है

**अजीत द्विवेदी**

संसद के विशेष सत्र में दोनों सदनों से पास होने के बाद महिला आरक्षण बिल, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम दिया गया है उस पर राष्ट्रपति के भी दस्तखत हो गए हैं यानी यह कानून बन गया है। जब से यह कानून संसद से पास हुआ तब से कोई दर्जन भर राजनीतिक रैलियों और सरकारी कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए यह दावा किया है कि विपक्षी पार्टियां इतने बरसों से इसे पास नहीं करा पाई थीं लेकिन महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध उनकी सरकार ने इसे कानून बनवाया है। अब महिलाओं को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है, ऐसा दावा किया जा रहा है। हालांकि कानून कब लागू होगा, उसकी कोई समय सीमा तय नहीं है। 2029 के लोकसभा चुनाव से लेकर 2039 तक की समय सीमा का दावा किया जा रहा है। सरकार ने महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन के साथ जोड़ दिया है। सो, जब ये दोनों काम होंगे उसके बाद आरक्षण लागू होगा। आरक्षण लागू होने का समय कब आएगा इस बारे में पहले काफी कुछ लिखा जा चुका है।

अब सवाल है कि क्या महिला आरक्षण जब भी लागू होगा तब सिर्फ उसके दम पर महिलाएं सशक्त हो जाएंगी? क्या इससे राजनीति में उनकी भूमिका ऐसी हो जाएगी कि वे अपने हिसाब से राजनीति को संचालित कर सकें? इन सवालों के जवाब बहुत मुश्किल नहीं है। लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था लागू होने से लोकसभा और विधानसभाओं में महिला सांसदों व विधायकों की संख्या तो जरूर बढ़ जाएगी लेकिन राजनीति में उनकी भूमिका बढ़ जाएगी, यह नहीं कहा जा सकता है। संख्या में बढ़ोतरी इस बात की गारंटी नहीं है कि महिलाएं पार्टी के राजनीतिक मामलों में निर्णायक भूमिका निभाने लगेंगी या उनकी मर्जी के बगैर पार्टियों में फैसले नहीं होंगे। अगर ऐसा होता तो आज सभी पार्टियों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के नेता निर्णायक होते।

आखिर दशकों से लोकसभा में अनुसूचित जाति के लिए 84 और अनुसूचित जनजाति के लिए 47 यानी कुल 131 सीटें आरक्षित हैं। यह कुल संख्या का 24 फीसदी है। यानी लोकसभा में एक चौथाई सीटें एससी और एसटी के लिए आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति व जनजाति के इतने लोकसभा सांसद अलग अलग पार्टियों से जीत कर आते हैं। लेकिन क्या कोई यह दावा कर सकता है कि संसद में एससी और एसटी सांसद निर्णायक भूमिका निभाते हैं या अपनी पार्टियों में उनकी भूमिका इतनी अहम होती है कि उनके बगैर फैसला नहीं हो? यही स्थिति महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू होने के बाद भी रहेगी। लोकसभा में महिला सांसदों की और राज्यों की विधानसभाओं में महिला विधायकों की संख्या बढ़ जाएगी लेकिन सिर्फ इतने भर से उनकी भूमिका नहीं बढ़ जाएगी, उनका राजनीतिक सशक्तिकरण नहीं हो जाएगा। आरक्षण से वे पार्टियों में महत्वपूर्ण हो जाएंगी ऐसा नहीं कहा जा सकता है। उनके सांसद या विधायक बनने से समाज में महिलाओं का सशक्तिकरण हो जाएगा ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो दशकों से जारी आरक्षण की व्यवस्था से अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों का कल्याण हो चुका होता या स्थानीय निकायों में आरक्षण से महिलाएं ही राजनीतिक रूप से इतनी सशक्त हो गई होतीं कि उनको आगे की राजनीति के लिए आरक्षण की जरूरत नहीं होती। लेकिन हकीकत यह है कि आजादी के बाद से अनुसूजित




जाति व जनजाति के लोगों की शैक्षणिक व सामाजिक स्थिति में बहुत कम अंतर आया है और उनकी राजनीतिक ताकत तो अब भी हाशिए पर है। यही स्थिति कमोबेश महिलाओं की भी है।

ऐसा इसलिए है क्योंकि पार्टियां आरक्षण के कानून की मजबूरी में उनको टिकट तो देती हैं लेकिन उनको सशक्त बनाने के लिए काम नहीं करती हैं। उनको पार्टी के अंदर फैसला करने वाले अहम निकायों में जगह नहीं दी जाती है। उनकी राजनीतिक भूमिका नहीं बढ़ाई जाती है। उनको राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का काम नहीं किया जाता है। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि बहुजन आंदोलन में अग्रणी रहीं बसपा प्रमुख मायावती ने भी अपनी पार्टी के अंदर न तो महिलाओं को आगे बढ़ा कर सशक्त किया और न अनुसूचित जाति के नेताओं को आगे बढ़ा कर उनको सशक्त बनाया। वे ऐसी भूमिका में थीं और उनके हाथ में इतनी ताकत थी कि वे एक साथ महिला और दलित दोनों का कल्याण कर सकती थीं। लेकिन इस देश की राजनीतिक व्यवस्था की जो मजबूरियां हैं उनकी वजह से वे भी बने बनाए ढर्रे पर चलती रहीं। हालांकि यह जरूर है कि पिछले 75 साल से भारत में चल रही लोकतांत्रिक व्यवस्था में दलित, आदिवासी, पिछड़े, महिलाएं, अल्पसंख्यक आदि वोट बैंक के रूप में उभरे हैं और चुनावों के समय पार्टियां इसी रूप में इनको एड्रेस करती हैं और उनका इस्तेमाल करती हैं।

इसलिए महिला आरक्षण अपने आप में इस बात की गारंटी नहीं है कि महिलाओं का राजनीतिक या सामाजिक रूप से सशक्तिकरण हो जाएगा। हां, यह जरूर है कि इससे एक आगाज होगा। लेकिन उस आगाज को अंजाम तक पहुंचाने का काम तो अंततः राजनीतिक दलों को ही करना होगा। चाहे भाजपा हो या कांग्रेस या कोई क्षेत्रीय पार्टी हो अगर पार्टियां महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं तो उनको अपनी पार्टी के अंदर महिलाओं को निर्णायक भूमिका में लाना होगा और यह काम सिर्फ संख्या बढ़ाने से नहीं होगा। इसके लिए पार्टियों को अपने आंतरिक ढांचे में सुधार करना होगा। महिला काडर तैयार करना होगा। उनके राजनीतिक शिक्षण और प्रशिक्षण की व्यवस्था करनी होगी। ऐसी व्यवस्था बनानी होगी कि राजनीतिक और विचारधारात्मक प्रशिक्षण के साथ महिलाएं स्वाभाविक रूप से आगे आएं। वे मुख्यधारा की राजनीति में अपनी जगह बनाएं और भूमिका निभाएं।

यह तभी होगा, जब पार्टियों के शीर्ष पुरुष नेता उनको अपने से कमतर मानना बंद करेंगे। उनकी संख्या दिखाने या उन पर अहसान करने या उनका वंदन करने के लिए उनको आगे बढ़ाने की मानसिकता छोड़ेंगे। जब राजनीतिक व्यवस्था में उनको बराबरी की भूमिका मिलेगी और उनका आकलन भी उनकी योग्यता के आधार पर होगा तभी उनका सशक्तिकरण संभव है। यह कहने से काम नहीं चलेगा कि इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री हो गईं या जयललिता, मायावती राबड़ी देवी, शीला दीक्षित, ममता बनर्जी या वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनीं। इनमें एक ममता बनर्जी को छोड़ दें तो बाकी सब किसी न किसी बड़े राजनीतिक परिवार से थीं या किसी न किसी नेता ने उनको आगे बढ़ाया। यह भारत की नहीं पूरे दक्षिण एशिया की कहानी है।

बहरहाल, महिला आरक्षण जरूरी है और इसका कानून बनना स्वागतयोग्य है। लेकिन यह नहीं माना जाना चाहिए कि इतने भर से महिलाओं का सशक्तिकरण हो जाएगा। उनका सशक्तिकरण तब होगा, जब स्वाभाविक रूप से राजनीति में उनके आगे बढ़ने की व्यवस्था बनेगी। पार्टियों के ढांचे में सुधार होगा। ऐसा नहीं होना चाहिए कि जिस नेता की सीट आरक्षण में आ गई उसके परिवार की महिलाओं को उस सीट से टिकट दे गई। इससे स्थानीय निकायों की तरह मुखिया पति या सरपंच पति वाली व्यवस्था लोकसभा व विधानसभाओं तक पहुंचेगी। कायदे से तो महिला आरक्षण तुरंत लागू होना चाहिए था लेकिन देर से लागू होने में भी इसमें एक सिल्वर लाइनिंग यह देखी जा सकती है कि पार्टियां अगले कुछ बरसों का इस्तेमाल महिला काडर और महिला नेतृत्व तैयार करने के लिए करेंगी।

ऐसा इसलिए है क्योंकि पार्टियां आरक्षण के कानून की मजबूरी में उनको टिकट तो देती हैं लेकिन उनको सशक्त बनाने के लिए काम नहीं करती हैं। उनको पार्टी के अंदर फैसला करने वाले अहम निकायों में जगह नहीं दी जाती है। उनकी राजनीतिक भूमिका नहीं बढ़ाई जाती है। उनको राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का काम नहीं किया जाता है। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि बहुजन आंदोलन में अग्रणी रहीं बसपा प्रमुख मायावती ने भी अपनी पार्टी के अंदर न तो महिलाओं को आगे बढ़ा कर सशक्त किया और न अनुसूचित जाति के नेताओं को आगे बढ़ा कर उनको सशक्त बनाया। वे ऐसी भूमिका में थीं और उनके हाथ में इतनी ताकत थी कि वे एक साथ महिला और दलित दोनों का कल्याण कर सकती थीं। लेकिन इस देश की राजनीतिक व्यवस्था की जो मजबूरियां हैं उनकी वजह से वे भी बने बनाए ढर्रे पर चलती रहीं।

# सीसी राज में जकडा मिस्त्र

श्रुति व्यास

मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल–सिसी को चुनावों की जल्दी हैं। इसलिए क्योंकि वे जानते हैं कि वे बिना किसी मुकाबले के फिर जीतेंगे। तीसरे कार्यकाल याकि सन् 2030 तक मजे से सत्ता में बने रहने के लिए। सीसी तानाशाह है। वेसन् 2013 में सैन्य तख्तापलट के जरिए सत्ता पर काबिज हुए थे। उन्होंने देश के पहले लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मोरसी को हटाकर सत्ता पर कब्जा किया था।तब जनता में डर का भाव था और सन् 2011 की क्रांति के बाद मध्यम वर्ग स्थिरता की तलाश में था।

इस सबका उन्हें पूरा फायदा मिला। सीसी ने देश में शांति स्थापित करने के लिए काफी खूनखराबा करवाया। उन्होंने देश में आर्थिक समृद्धि लाने और सुनहरे भविष्य का वायदा किया। देश उन पर मंत्रमुग्ध और 'सीसी का दीवाना' हो गया, जिसके चलते उन्होंने तख्तापलट के बाद सन् 2014 में हुए पहले चुनाव में जीत हासिल कर ली झ्र चुनाव में जालसाजी हुई या नहीं यह कहना मुश्किल है। सन् 2018 में वे दुबारा जीते। उनके खिलाफ केवल एक 'विपक्षी' उम्मीदवार था।

दिसंबर में होने वाले अगले चुनाव (जो पहले 2024 के वसंत में होने थे) में सीसी की जीत की प्रबल संभावना है जिसके बाद वे सन् 2030 तक सत्ता में रह सकेंगे। हालांकि चुनाव मैदान में उनके उतरने का फैसला कुछ दिन पहले ही तब पता लगा जब उनके सहयोगियों ने हजारों लोगों को डाकघरों में भेजकर उनसे सीसी की उम्मीदवारी का समर्थन करवाया (कई लोगों को ऐसा करने के लिए रिश्वत दी गई या बाध्य किया गया)।''जैसे मैंने मिस्त्र की जनता के आव्हान पर पहले प्रतिक्रिया की थी, आज मैं दुबारा वैसा ही करने जा रहा हूँ" ।सीसी ने यह कहकर ऐसा दर्शाने की कोशिश की उनकी इच्छा तो नहीं है, उन्हें पद का लालच तो नहीं है बल्कि देश की जनता, जो उनकी प्रशंसक है, के अनुरोध पर देश की सेवा के लिए राजी हुए हैं।

अपनी घटती लोकप्रियता के बावजूद उन्हें उन मिस्त्रवासियों का समर्थन अभी भी हासिल है जो उन्हें अपना रक्षक मानते हैं। लेकिन यह सच है कि अब उनकी लोकप्रियता और उनके प्रति दीवानापन 2013 जैसा नहीं है। उनके तानाशाहीपूर्ण तौर–तरीकों और सत्ता व ऐशोआराम के प्रति आकर्षण, जिसके चलते उन्होंने अरबों की रकम सफेद हाथियों पर खर्च कर दी जैसे उन्होंने रेगिस्तान के बीच एक उजाड़ सी राजधानी बनाई और स्वेज़ नहर, जिससे होने वाली आमदनी उम्मीद से कम थी, को चौड़ा किया। उन्होंने असहमति की सभी आवाजों को बलपूर्वक दबाया, नागरिक समाज संगठनों को समाप्त किया, शासन के विभिन्न अंगों का सैन्यीकरण किया और बार–बार मुद्रा का अवमूल्यन कर मिस्त्र की जनता को कंगाल बना दिया। इसके साथ ही उनकी नवउदारवादी नीतियों से अर्थव्यवस्था तहस–नहस हो गई और उस पर सेना के जनरलों का नियंत्रण हो गया।

इसके चलते देश के आर्थिक हालात बहुत खराब हो गए। सन् 2013 के तख्तापलट के बाद सीसी ने स्थिरता और आर्थिक विकास का वायदा किया था। मगर सन् 2022 की शुरूआत से वे अब तक तीन बार मुद्रा का अवमूल्यन कर चुके हैं और अब उसका मूल्य आधा रह गया है।

मुद्रास्फीति की वार्षिक दर अगस्त में अपने सबसे ऊंचे स्तर 39.7 प्रतिशत पर पहुंच गई। पिछले एक साल में अनाज की कीमतें 71.9 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं। डालर की कमी के चलते व्यापारियों को आयात के लिए धन की व्यवस्था करने में कठिनाई हो रही है। विदेशी कर्ज सन् 2013 के जीडीपी के 17 प्रतिशत से दुगना होकर 39 प्रतिशत हो गया है। आईएमएफ से कर्ज़ माँगा गया है और 3 अरब डालर दिए जाने के समझौते पर दस्तखत हुए हैं (मिस्त्र आईएमएफ का दूसरा सबसे बड़ा कर्जदार है)। जल्द चुनाव कराने के पीछे का उद्धेश्य यह है कि सीसी मुद्रा के अवमूल्यन जैसे दुःखदायक आर्थिक फैसले लिए जाने के पहले ही दुबारा सत्ता हासिल कर लें।

यह संभवतः सीसी का अंतिम चुनाव होगा क्योंकि मिस्त्र के संविधान के अनुसार चौथे कार्यकाल की मनाही है। लेकिन पहले तो तीसरे कार्यकाल पर भी पाबंदी थी। सन् 2019 में हुए एक दिखावटी जनमत संग्रह के जरिए एक ऐसा रास्ता खोल दिया गया जिसका उपयोग कर उनके लिए एक बार फिर चुनाव में खड़ा होना संभव हो गया। यद्यपि सीसी सत्ता में बने रहेंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि उनकी पकड़ कमजोर हो रही है और उनका आत्मविश्वास एक दशक पहले की तुलना में कम हो गया है। इसके पीछे मुख्यतः उनके द्वारा आर्थिक क्षेत्र में की गईं बड़ी गलतियां हैं।

# अभियोजन का अनदेखा रूप

सवाल यह है कि वेबसाइट के प्रबंधकों ने कहां से पैसा लिया, उसकी जानकारी किसी सब–एडिटर या टेक्निकल कर्मचारी को कैसे हो सकती है? बात कर्मचारियों तक नहीं रही। बल्कि वेबसाइट पर लिखने वाले फ्रीलांसरों तक को नहीं बख्शा गया।

अगर किसी व्यक्ति और संस्था ने किसी प्रकार के गैर–कानूनी गतिविधि में भाग लिया हो, उसके खिलाफ न्याय की उचित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई जरूर होनी चाहिए। यह बात वेबसाइट न्यूजक्लिक पर भी लागू होती है। उस पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में पहले से मुकदमा चल रहा था। पिछले अगस्त में उस पर एक नया मुकदमा अमेरिकी अखबार में छपी रिपोर्ट के आधार पर दर्ज किया गया, जिसमें आरोप है कि वेबसाइट को एक ऐसे अमेरिकी उद्योगपति ने धन दिया, जो चीन की तरफ से चलाए जाने वाले प्रचार अभियान को आगे बढ़ाता है। अखबारी रिपोर्ट साक्ष्य हो सकती है या नहीं, इस पर न्यायपालिका फैसला देगी। बहरहाल, इस आरोप की जांच में जो तरीका दिल्ली पुलिस ने अपनाया है, वह सचमुच अभूतपूर्व है। मंगलवार को न्यूजक्लिक से जुड़े दर्जनों स्थलों पर छापे मारे गए। हैरतअंगेज यह है कि इस दौरान उस वेबसाइट में करने वाले जूनियर स्तर के कर्मचारियों के घर पर भी पुलिस ने दबिश दी और उनके मोबाइल फोन एवं लैपटॉप जब्त कर लिए।

सवाल यह है कि वेबसाइट के प्रबंधकों ने कहां से पैसा लिया, उसकी जानकारी किसी सब–एडिटर या टेक्निकल कर्मचारी को कैसे हो सकती है? बात कर्मचारियों तक नहीं रही। बल्कि वेबसाइट पर लिखने वाले फ्रीलांसरों तक को नहीं बख्शा गया। खुद दिल्ली पुलिस ने बताया है कि उसने 46 व्यक्तियों से पूछताछ की और उनमें से कई को आगे भी इसके लिए तैयार रहने को कहा गया है। क्या यह न्याय की उचित प्रक्रिया है? या यह उसी सोच का एक और इजहार है, जिसमें आरोपी के साथ–साथ उसके परिजनों को भी दोषी मान कर दंडित किया जाता है? सामूहिक दंड आधुनिक न्याय सिद्धांत में सिरे से अस्वीकार्य है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उसका प्रचलन बढ़ता जा रहा है। तो जिस तरह बिना किसी न्यायिक आदेश के विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध आरोपियों के घरों पर बुल्डोजर चलाए जा रहे हैं, उसी तरह न्यूजक्लिक के दफ्तर को भी सील कर दिया गया है। वैसे उससे भी ज्यादा आपत्तिजनक यह है कि सभी कर्मचारियों को अभियुक्त मान लिया गया है। भारत के लिए यह अभूतपूर्व एवं अनदेखा तजुर्बा है।

# कमर के लोअर पार्ट में अक्सर रहता है दर्द, तो हो सकते हैं इन बीमारियों के संकेत... हल्के में बिल्कुल न लें

कई लोगों ऐसे हैं जिन्हें अक्सर कमर के लोअर बॉडी पार्ट में दर्द रहता है. कुछ लोग यह समझ के इस दर्द को टाल देते हैं कि यह सोने की वजह से हो गया है तो यह अपने आप ठीक हो जाएगा. लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कई बार यह मामूली सा दिखने वाला दर्द गंभीर रूप ले सकता है. और आपके काम में बाधा डाल सकता है. ऐसे दर्द को आपको नजरअंदाज करने की जरूरत नहीं है. क्योंकि यह दर्द कई बीमारियों के शुरुआती संकेत हो सकते हैं. आइए जानें इन बीमारियों के बारे में सबकुछ.डिस्क यानि रीढ़ की हड्डियों के बीच कुशन की तरह रहती है. जब डिस्क के अंदर का कार्टिलेज जब उभर जाता है तो यह टूट सकता है. तो यह तंत्रिका पर दबाव डालता है. उभरी हुई या फटी हुई डिस्क पीठ दर्द का कारण होती है. जब आपको लगातार दर्द हो रहा है तो डॉक्टर को जरूर दिखाएं. आप एक्सरे, सीटी स्कैन या एमआरआई के जरिए भी पता लगा सकते हैं.

अर्थराइटिस की बीमारी में भी कई बार कमर के लोअर पार्ट में दर्द होता है. गठिया के कारण रीढ़ की हड्डी सिकुड़ने लगता है. इस सिचवेशन को स्पाइनल स्टेनोसिस इस तरह के दर्द आपको लगातार परेशान कर सकते हैं. ऐसे में बिना समय गवाएं आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए. ऑस्टियोपोरोसिस की बीमारी में भी कमर के लोअर बॉडी पार्ट में काफी ज्यादा दर्द रहता है

# पैर में मोच आने पर आजमाएं ये 5 घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगा समस्या से छुटकारा

पैर में मोच आना एक तरह की अंदरूनी चोट है। इसमें पैर के ऊतक और हड्डियों से जुड़े रेशे अपनी नियमित क्षमता से अधिक खिंच जाते हैं।ऐसा अमूमन चलते–फिरते या फिर खेलकूद के दौरान पैर मुड जाने पर होता है। इसके कारण असहनीय दर्द और सूजन का सामना करना पड़ सकता है।आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जो पैर की मोच के कारण होने वाली समस्याओं को प्रभावी ढंग से दूर कर सकते हैं।

**इलास्टिक पट्टी लपेटें**

जब भी आपके किसी पैर में मोच आए तो पहले 72 घंटों में पर्याप्त आराम जरूर करें।आप चाहें तो इस दौरान प्रभावित पैर को इलास्टिक पट्टी से लपेटकर या ब्रेस पहन सकते हैं और उसकी सुरक्षा कर सकते हैं। ध्यान रखें कि पट्टी आरामदायक और टाइट लगे, लेकिन इतना टाइट नहीं कि इससे रक्त की आपूर्ति बंद हो जाए।इसे तब तक दोहराएं जब तक कि आपके पैर को अच्छा सहारा और आराम महसूस न हो जाए।

**आइसपैक का करें उपयोग**

आइसपैक लगाने से प्रभावित पैर के दर्द और सूजन को कम करने समेत मांसपेशियों



की ऐंठन को कम करने में मदद मिल सकती है।लाभ के लिए आप तौलिए में कुछ बर्फ के टुकड़ों को लपेटकर प्रभावित पैर पर फेरे। आप चाहें तो बर्फ के ठंडे पानी में एक तौलिया डुबोकर चोट वाली जगह पर रख भी सकते हैं।यहां जानिए घर पर आइसपैक बनाने के 5 सरल तरीके।

**जैतून के तेल से करें मालिश**

जैतून के तेल में फेनोलिक कंपाउंड मौजूद होते हैं, जो पैरों में आई मोच के कारण होने वाले दर्द और सूजन को दूर कर सकते हैं।लाभ के लिए सबसे पहले जैतून के तेल को हल्का गर्म कर लें और फिर इसे मोच से प्रभावित पैर पर लगाकर कुछ मिनट धीरे–धीरे मालिश करें।इससे पैर की मांसपेशियों को आराम मिलता है और दर्द के साथ–साथ सूजन भी दूर होती है।

सेंधा नमक का उपयोग भी पैर की मोच को ठीक करने में मदद कर सकता है।इसका कारण है कि सेंधा नमक में मैग्नीशियम और सल्फेट जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो दर्द और सूजन निवारक की तरह काम कर सकते हैं।लाभ के लिए एक बाल्टी में गुनगुना पानी भरकर उसमें आधा कप सेंधा नमक मिलाएं। अब पैरों को करीब 20–30 मिनट तक इस पानी में डालकर रखें। इससे आपको काफी आराम मिलेगा। पैर में मोच आने के बाद व्यायाम करना कोई आसान काम नहीं है।हालांकि, कुछ दिनों के आराम के बाद हल्के व्यायाम से स्थिति में सुधार हो सकता है।अगर आपकी मोच हल्की है

## न्यू जर्सी में घर में मिली भारतीय मूल परिवार के चार सदस्यों की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**न्यूयॉर्क ,एजेंसी।** न्यू जर्सी में भारतीय मूल के एक परिवार के चार सदस्य मृत पाए गए हैं। काउंटी अभियोजक योलान्डा सिस्कोन ने कहा कि प्लेन्सबोरो में उनकी हालत के बारे में पता करने पुलिस धवार शाम को उनके घर गई और उन्हें मृत पाया। उन्होंने मृतकों की पहचान 43 वर्षीय तेज प्रताप सिंह, 42 वर्षीय सोनल परिहार, उनके 10 वर्षीय बेटे और 6 वर्षीय बेटी के रूप में की।

डेली वॉयस ने कहा कि मामले की जांच जारी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्लेन्सबोरो के मेयर पीटर कैंटू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारे कम्युनिटी में जो हुआ वह समझ से परे है।

उन्होंने कहा, हम इस घटना से दुखी हैं। डब्ल्यूएबीसी टीवी ने बताया कि कानून प्रवर्तन सूत्रों, जिनकी पहचान नहीं की गई, ने कहा कि उस व्यक्ति ने अपने परिवार को मार डाला और फिर खुद को मार डाला।

घर के बाहर इकट्ठा हुए परिवार के सदस्यों ने डब्ल्यूसीबीएस टीवी को बताया कि माता–पिता एक खुशहाल कपल थे और जो कुछ हुआ उस पर उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है। दोनों इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी सेक्टर में काम करते थे, उनमें से एक ह्यूमन रिसोर्सेज में था।

## न्यूजीलैंड एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, खाली कराया गया हवाई अड्डा

**वेलिंगटन ,एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खूबसूरत क्वीन्सटाउन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को शुक्रवार को बम की धमकी के बाद खाली करा लिया गया। इसे अस्थायी तौर पर बंद कर दिया गया। स्थानीय मीडिया ने ये जानकारी दी।

धमकी के बाद यात्रियों को हवाईअड्डे से दूर रहने के लिए कहा गया है।

संभावित खतरे से निपटने के लिए क्वीन्सटाउन हवाई अड्डे ने सुबह लगभग 8.40 बजे अपने आपातकालीन सुरक्षा प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिए। हवाईअड्डे ने कहा कि रक्षा बल के बम निरोधक दस्ते को शुक्रवार सुबह बुलाया गया, विलंबित उड़ानों के यात्रियों को भोजन उपलब्ध कराया गया। परिणामस्वरूप, एयर न्यूजीलैंड की कम से कम 15 उड़ानें रद्द कर दी गईं और एक को उड़ान के बीच में ही वापस बुला लिया गया। लेकिन रक्षा बल की सलाह के बाद हवाईअड्डे को फिर से खोल दिया गया है। कहा गया है कि कोई खतरा नहीं है। पुलिस ने हवाईअड्डे के आसपास से घेराबंदी भी हटा ली है। न्यूजीलैंड के साउथ आइलैंड में स्थित क्वीन्सटाउन खूबसूरत दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है।

## किशोरी पर हमला करने वाले को लोगों ने पीटा, बाद में भागते समय आरोपी की पुलिस से मुठभेड़

**गाजियाबाद ,एजेंसी ।** गाजियाबाद के थाना मोदीनगर इलाके में 5 अक्टूबर को बीती शाम को 16 वर्षीय एक लडक़ी पर उसके पड़ोस में रहने वाले शौकीन ने जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमला कर घायल किया कर दिया। आक्रोशित भीड़ ने शौकीन की पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस जब आरोपी को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी मोदीनगर लाई, तो वह मौका पाकर पुलिसकर्मी की सर्विस पिस्टल छीनकर भागने लगा और पुलिस टीम पर फायरिंग भी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में वह घायल हो गयाा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने शौकीन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पिस्टल बरामद की। उसे सीएचसी मोदीनगर में दाखिल किया गया।

# भोपाल से इशारा करूंगा, इंदौर में काम होगा

## कैलाश विजयवर्गीय के बयानों से चर्चा में सीएम पद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के माहौल के बीच भाजपा के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय सुर्खियों में हैं। इंदौर–1 सीट से टिकट मिलने के बाद से विजयवर्गीय लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं जो चर्चा का कारण बन रहे हैं। अब विजयवर्गीय ने इंदौर में कहा कि मैं अगर समय नहीं दूंगा तो सिर्फ भोपाल में बैठकर इशारा करूंगा, उससे ही आपका काम हो जाएगा। इससे पहले भी उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ विधायक बनने नहीं आया हूं। पार्टी की ओर से मुझे कुछ और बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी तो काम भी बड़ा करूंगा। कैलाश विजयवर्गीय के इन बयानों के सियासी मायने भी निकाले जा रहे हैं। आइए, अब इन बयान के मायने समझने की कोशिश करते हैं।

दरअसल, भाजपा ने 10 साल के ब्रेक के बाद कैलाश विजयवर्गीय को चुनाव लड़ने की जिम्मेदारी दी है। उन्हें इंदौर–1 विधानसभा सीट से टिकट दिया गया है। इसके बाद से विजयवर्गीय अपने क्षेत्र में पार्टी की जीत के लिए प्रचार–प्रसार कर रहे हैं। गुरुवार को विजयवर्गीय ने वार्ड–7 सात में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा– विकास के मामले में इंदौर–1 को नंबर वन बनाऊंगा। यहां के पार्षद और कार्यकर्ता इतने अच्छे हैं कि मैं अगर समय नहीं दूंगा, सिर्फ भोपाल से बैठकर इशारा करूंगा तो आपका काम हो जाएगा।

इससे पहले चार अक्तूबर को कैलाश विजयवर्गीय ने एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए



कहा था– मैं सिर्फ विधायक बनने नहीं आया हूं, मुझे संगठन बड़ी जिम्मेदारी भी देगा। जब बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी तो काम भी बड़े–बड़े होंगे।

कैलाश विजयवर्गीय के ये बयान महज बयान नहीं है, इनके सियासी मायाने भी हैं। जिस तरह से वे बड़ी जिम्मेदारी मिलने की बात कह रहे हैं। इसका मतलब सीएम पद से हो सकता है। वही, गुरुवार को उन्होंने कहा कि वे भोपाल में बैठकर इशारा करेंगे और काम हो जाएगा। इस बयान के मायने भी मुख्यमंत्री पद से जुड़े हुए हैं, क्योंकि सीएम भोपाल में रहकर ही सरकार चलाते हैं। इसलिए सियासी गलियारों में लगातार ये चर्चा हो रही है कि कैलाश विजयवर्गीय खुद को सीएम पद का दावेदार बता रहे हैं।

भाजपा आलाकमान की बात करें तो वह कई बार साफ कर चुका है कि पार्टी प्रदेश में बिना सीएम फेस के चुनाव लड़ेगी। यानी इस विधानसभा चुनाव को पार्टी किसी को भी सीएम घोषित नहीं करेगी।

अब तक इसी रणनीति के साथ पार्टी प्रचार–प्रसार कर रही है। लेकिन, कैलाश विजयवर्गीय जैसे बड़े नेता को विधानसभा चुनाव में उतारना फिर उनका इस तरह के बयान देना राजनीति जानकारों को खटक रहा है। ऐसे में चर्चा है कि क्या विजयवर्गीय से बड़ा वादा कर ही आलाकमान ने उन्हें चुनाव लड़ने भेजा है। क्या ये बड़ा वादा सीएम पद को लेकर है। इसलिए कैलाश विजयवर्गीय लोगों को संकेत देने के लिए इस तरह के बयान दे रहे हैं।

कैलाश विजयवर्गीय के बयान सियासी चर्चा का इसलिए भी बन रहे हैं क्योंकि, खुद सीएम शिवराज सिंह चौहान अपनी विदाई के संकेत दे चुके हैं। एक अक्टूबर को सीहोर जिले के लाड़कुई में शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा था– ऐसा भैया मिलेगा नहीं तुम्हें, जब चला जाऊंगा तब याद आऊंगा। मैंने मध्य प्रदेश में राजनीति की परिभाषा बदल दी है।

## कनाडा ने अपने राजनयिकों को दिल्ली से दक्षिण पूर्व एशिया में किया शिफ्ट, रिपोर्ट में खुलासा

**टोरंटो ,एजेंसी।** भारत द्वारा कनाडा को राजनयिकों की संख्या में समानता के लिए 10 अक्टूबर तक भारत में अपने 62 राजनयिकों में से 41 को वापस बुलाने के लिए कहने के बाद ओटावा ने नई दिल्ली में अपने उच्चायोग से कर्मचारियों को दक्षिण–पूर्व एशिया में स्थानांतरित कर दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।कनाडा ने अपने अधिकांश राजनयिक कर्मचारियों को भारत से निकाल लिया है और उन्हें कुआलालंपुर (मलेशिया) या सिंगापुर में स्थानांतरित कर दिया है। लेकिन नई दिल्ली से उनकी निकासी पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। यह खबर मंगलवार को कनाडाई विदेश मंत्री मेलानी जोली के दावों के बीच आई है कि सरकार कर्मचारियों की कटौती के मुद्दे पर भारत के साथ कूटनीतिक रूप से बातचीत कर रही है। जोली ने कहा था, हम भारत सरकार के संपर्क में हैं। हम कनाडाई राजनयिकों की सुरक्षा को बहुत गंभीरता से लेते हैं, और हम निजी तौर पर बातचीत करना जारी रखेंगे क्योंकि हमारा मानना है कि राजनयिक बातचीत तब सबसे अच्छी होती है जब वे निजी रहती हैं। बिगड़ते द्विपक्षीय संबंधों के बीच, भारत ने कनाडा से 10 अक्टूबर तक 41 राजनयिकों को देश से वापस बुलाने को कहा है। भारत में 60 से अधिक कनाडाई राजनयिक तैनात हैं।इस बीच विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडा से राजनयिक उपस्थिति में समानता की मांग की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक सवाल के जवाब में मीडियाकर्मियों से कहा, यहां राजनयिकों की बहुत अधिक उपस्थिति और हमारे आंतरिक मामलों में उनके हस्तक्षेप को देखते हुए, समानता पर चर्चा पर, हमने अपनी संबंधित राजनयिक उपस्थिति में समानता की मांग की है।

## सैन्य अकादमी में ग्रेजुएशन समारोह के दौरान ड्रोन से हमला, 100 से अधिक लोगों की मौत–240 घायल

**बेरूत ,एजेंसी।** सीरिया में सैन्य अकादमी पर ड्रोन हमले में 100 से ज्यादा लोग मारे गए और 240 घायल हो गए। यह हमला सीरिया के होम्स शहर में स्थित सैन्य कालेज में किया गया। जब यह हमला हुआ, तब स्नातक समारोह चल रहा था। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह हाल के वर्षों में सीरियाई सेना पर सबसे घातक हमलों में से एक था। सीरिया में पिछले 13 वर्षों से संघर्ष जारी है। शहर के स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मुसलेम अल–अतासी ने कहा कि इन हमलों से होम्स में हो रहे समारोह पर असर पड़ा, क्योंकि समारोह समापन की ओर था। उन्होंने बताया कि हताहतों में आम नागरिक और सैन्यकर्मी दोनों शामिल हैं।अल–अतासी ने बताया कि कई घायलों की हालत गंभीर है और उनका इलाज सीरिया के तीसरे सबसे बड़े शहर होम्स के कई अस्पतालों में किया जा रहा है। सीरिया की सेना ने पहले एक बयान में कहा कि विस्फोटकों से युक्त ड्रोन ने युवा अधिकारियों और उनके परिवारों को निशाना बनाया। उन्होंने किसी विशेष समूह का नाम लिये बिना, हमले के लिए 'ज्ञात अंतरराष्ट्रीय ताकतों की ओर से समर्थित' विद्रोहियों पर आरोप लगाया। हालांकि, अभी तक किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।सेना ने हताहतों की संख्या नहीं बताई है, लेकिन सीरिया के सरकारी टेलीविजन ने कहा कि सरकार ने तीन दिन के शोक की घोषणा की है। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स, एक विपक्षी युद्ध मॉनिटर और सरकार समर्थक 'शाम एफएम' रेडियो स्टेशन ने सबसे पहले हमलों की सूचना दी थी।

## दूसरे देशों पर नियम थोपना रुकना चाहिए : पुतिन

**सोची ,एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि किसी अन्य देश पर नियम थोपना प्रतिबंधित होना चाहिए और किसी को भी दूसरों के लिए दुनिया पर शासन करने का अधिकार नहीं है।

सोची में वल्दाई डिस्कशन क्लब के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए पुतिन ने एक खुली, परस्पर जुड़ी और विविधतापूर्ण दुनिया बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया, जहां अन्य देशों पर नियम थोपना प्रतिबंधित होना चाहिए।उन्होंने कहा, किसी भी देश या लोगों पर यह थोपना वर्जित होना चाहिए कि उन्हें कैसे रहना चाहिए, उन्हें कैसा महसूस करना चाहिए। केवल सच्ची सांस्कृतिक और सभ्यतागत विविधता ही लोगों की भलाई और हितों का संतुलन सुनिश्चित करेगी।पुतिन ने कहा, कोई भी हर किसी के लिए फैसला नहीं करेगा, और हर कोई हर चीज पर फैसला नहीं करेगा

# परमाणु संयंत्र के पास जोरदार धमाका !

## घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर तक दिखा असर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के डेरा गाजी खान में शुक्रवार को विस्फोट जैसी आवाज सुनाई दी, जहां सरकार का परमाणु ऊर्जा विभाग स्थित है। विस्फोट का प्रभाव घटनास्थल से करीब पचास किलोमीटर दूर महसूस किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है।

इससे कुछ ही दिन पहले बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में कुछ ही घंटों के भीतर दो आत्मघाती विस्फोट हुए थे। इन दोनों विस्फोटों में कम से कम 65 लोग मारे गए थे।बलूचिस्तान में विस्फोट एक मस्जिद के पास उस समय हुआ था। एक हमलावर ने पुलिस वाहन के पास विस्फोट कर दिया था, जहां लोग पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन के मौके पर जुलूस के लिए एकत्र हो रहे थे। खैबर पख्तूनख्वा में भी विस्फोट एक मस्जिद में हुआ था।



इसी साल सितंबर माह में अमेरिका के शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों ने दावा किया था कि पाकिस्तान के पास अभी करीब 170 परमाणु हथियारों का भंडार है, जो वर्तमान विकास दर से 2025 तक बढ़कर 200 हो जाएंगे।

बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट्स में प्रकाशित न्यूक्लियर नोटबुक शीर्षक के लेख में वैज्ञानिकों ने कहा था कि हमारा अनुमान है कि पाकिस्तान के पास अब करीब 170 परमाणु हथियार हैं। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने 1999 में अनुमान लगाया था कि पाकिस्तान के पास 2020 तक 60–80 परमाणु हथियार हो जाएंगे लेकिन तब से कई नई हथियार प्रणालियों के विकसित होने से यह आंकड़ा आगे बढ़ गया है।

न्यूक्लियर नोटबुक कॉलम, 1987 से एटॉमिक साइंटिस्ट बुलेटिन में प्रकाशित किया गया था। लेख के अनुसार, यह अनुमान अनिश्चित है क्योंकि पाकिस्तान की तरफ से अपने परमाणु हथियारों की ज्यादा जानकारी प्रकाशित नहीं की जाती है।

अनुमान के लिए मीडिया रिपोर्ट्स, थिंक टैंक विश्लेषण और उद्योग प्रकाशन शामिल हैं। साथ ही सैटेलाइट तस्वीरों का भी विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान फिलहाल हर साल 14–27 नए हथियारों को बनाने लायक मैटेरियल का उत्पादन कर रहा है, लेकिन फिलहाल पाकिस्तान सालान औसतन 5–10 परमाणु हथियार बना रहा है।

पाकिस्तान के 36 मिराज 3/4 और जेएफ17 विमान परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हैं। साथ ही भूमि आधारित बैलिस्टिक मिसाइलें जिनमें अब्दाली, गजनवी, शाहीन, नस्त्र और मध्यम श्रेणी की गौरी और शाहीन–2 मिसाइलें परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हैं।

# सुधांशु त्रिवेदी का बड़ा आरोप, शराब घोटाले में पूरी 'आप' शामिल, यहां भ्रष्टाचार अब आम बात

**नई दिल्ली , एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाला मामले में सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद से आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी आमने सामने आ गई हैं। दोनों पार्टियों के नेता एक दूसरे पर जमकर वार कर रहे हैं। इसी बीच भाजपा सांसद और पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने एक बार फिर आप पार्टी पर निशाना साधा और पूरी पार्टी को शराब घोटाला मामले में घेरा। वहीं सीएम केजरीवाल ने भी भाजपा पर निशाना साधा है।

बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पीसी के दौरान कहा कि हमारा मानना है कि यह देश के उन लोगों के लिए विचार का



भोजन है जो प्रयोगात्मक राजनीति की बात करते हैं। यह प्रयोगात्मक राजनीति का समय नहीं है। प्रयोगात्मक राजनीति के परिणाम देश के लिए खतरनाक हो सकते हैं। यह देश की जनता के लिए सोच और विचार का समय है। उन्होंने आगे कहा कि अन्ना आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी के चरित्र ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। आगे कहा कि पहले मनीष सिसोदिया जेल गए। फिर संजय सिंह रिमांड पर गए और अब शराब घोटाले में पूरी आम पार्टी शामिल है। आम आदमी पार्टी में भ्रष्टाचार अब आम बात हो गई है।

वहीं भाजपा की पीसी के बाद गाजीपुर लैंडफिल साइट पर पहुंचे सीएम अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधा और उन्होंने कहा कि उन्होंने हमारी हर जांच कर ली। क्या कुछ निकला है।आपने सुप्रीम कोर्ट में सुना। ये पूरा शराब घोटाला ही झूठा है। एक भी पैसे का भी लेन–देन नहीं हुआ। आगे सीएम ने कहा कि जज सबूत मांगते रहे। लेकिन उनके पास कुछ भी नहीं था। कुछ दिनों में शराब घोटाला बंद हो जाएगा। वे कुछ और लेकर आएंगे। वे सिर्फ लोगों को एजेंसियों और जांचों में उलझाए रखना चाहते हैं। वे न तो खुद काम करेंगे और न ही किसी और को काम करने देंगे।

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने भी मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें संजय सिंह के आवास से एक पैसा भी नहीं मिला। लेकिन फिर भी उन्हें भाजपी की ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। हम देख रहे हैं कि जो पार्टियां पीएम मोदी के खिलाफ बोलती हैं। उनके यहां पर ईडी, सीबीआई और आईटी रेड डाल दी जाती है। आप सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी पर दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी ने पीएम मोदी को घेरा।

## महारानी एलिजाबेथ की हत्या करना चाहता था ब्रिटिश सिख, साबित हुआ जुर्म, 9 साल की मिली सजा

**लंदन ,एजेंसी।** 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेने के लिए रानी की हत्या करने की धमकी देने वाले ब्रिटिश सिख को ब्रिटेन की एक अदालत ने नौ साल कैद की सजा सुनाई है।

21 वर्षीय जसवंत सिंह चैल ने इस साल फरवरी में विंडसर कैसल की दीवारों को तोडऩे और क्रिसमस दिवस 2021 महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को मारने की साजिश रचने की बात स्वीकार की थी। चैल ने सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में खुद को आंशिक रूप से स्टार वार्स फिल्मों से प्रेरित होकर रानी पर हमला करने की बात कही थी।

लंदन की एक अदालत में सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि चैल ने किशोरावस्था में ही रानी की हत्या के बारे में कल्पना की थी, और उसने यह जानकारी एक कृत्रिम बुद्धि–संचालित प्रेमिका के साथ साझा की थी जिसका नाम उसने सराय रखा था।न्यायमूर्ति निकोलस हिलियार्ड ने कहा कि विभिन्न विशेषज्ञों के परस्पर विरोधी निदान के बावजूद, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि चैल मानसिक रूप से बीमार है, लेकिन अपराध की गंभीरता के कारण उसे जेल की सजा काटनी पड़ेगी।रिपोर्ट के अनुसार, चैल को पहले एक मनोरोग उपचार केंद्र में ले जाया जाएगा, जहां उसका इलाज चल रहा है, और अगर भविष्य में उसे ठीक समझा गया, तो वह अपनी बाकी सजा जेल में काटेगा।प्रतिवादी के मन में हत्या के विचार थे, जिस पर उसने पहले काम किया था।

## पशु पालकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी

विकासनगर। पशुपालन विभाग के तत्वावधान में पशु चिकित्सालय सहिया द्वारा ग्राम मथेऊ में कैम्प आयोजित कर पशुपालकों के पशुओं का टीकाकरण कर दवापान, एवं बांझपन निवारण के लिए दवाइयों का वितरण कर पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

पशु चिकित्सा अधिकारी सहिया डॉ. नरेंद्र लाल ने कैम्प में उपस्थित पशुपालकों को राज्य सेक्टर, जिला सेक्टर, योजना के अंतर्गत बकरी पालन व गौ पालन योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया की बकरी पालन के अंतर्गत 10 बकरी, एक बकरा के लिए सरकार द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। साथ ही एनएलएम योजना के अंतर्गत बकरी पालन, मुर्गी पालन, सुअर पालन और फीडर प्रोडक्शन के लिए पचास प्रतिशत सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है।

## बंगाल नगर पालिका नौकरी घोटाला, ईडी ने विभिन्न पदों के लिए तय रेट सूचियां हासिल की

**कोलकाता ,एजेंसी ।** पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के नगरपालिका भर्ती मामले के सिलसिले में 12 स्थानों पर दिन भर की मैराथन छापेमारी और तलाशी अभियान के दौरान, प्रवर्तन निदेशालय ने (ईडी) के अधिकारी शहरी नागरिक निकायों में विभिन्न पदों पर भर्तियों के लिए दर सूची दर्शाते हुए कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज हासिल किए।केंद्रीय एजेंसियों ने शुक्रवार को जिन 12 स्थानों पर मैराथन छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया, उनमें राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री रथिन घोष और उत्तर 24 परगना जिले की कई नगर पालिकाओं के कई अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के आवास शामिल थे।

सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा जब्त किए गए दस्तावेजों के अनुसार, मुख्य रूप से ग्रुप सी और ग्रुप डी ग्रेड में फील्ड वर्कर, सफाई कर्मचारी, ड्राइवर, टाइपिस्ट और क्लर्क जैसे पदों की भर्तियों में अनियमितताएं की गईं, प्रत्येक के लिए अलग–अलग रेट लिस्ट थीं।

इन पदों का. छापेमारी करने वाले अधिकारियों द्वारा प्राप्त सुरागों के अनुसार टाइपिस्ट और ग्रुप सी क्लर्क के पदों के लिए सबसे अधिक दरें 6.5 लाख रुपये से 7 लाख रुपये के बीच थीं, इसके बाद ग्रुप डी क्लर्क के लिए 4.5 लाख रुपये से 5 लाख रुपये के बीच थी। सूत्रों ने कहा कि फील्ड कर्मचारियों, सफाई कर्मचारियों और ड्राइवरों के लिए दरें सबसे कम 3.5 लाख रुपये से 4 लाख रुपये के बीच थीं।इस बीच, राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री रथिन घोष, जिनके आवास पर ईडी ने गुरुवार को लगभग 19 घंटे तक मैराथन छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया, ने दावा किया कि केंद्रीय एजेंसी का कदम जानबूझकर उनकी छवि खराब करने के लिए है। मध्यमग्राम नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष के रूप में घोष की भूमिका ईडी की जांच के दायरे में है।ईडी के अनुमान के अनुसार राज्य के विभिन्न शहरी नागरिक निकायों में विभिन्न पदों के लिए कम से कम 1,500 व्यक्तियों को कुछ वित्तीय प्रतिफल के बदले अवैध रूप से भर्ती किया गया था। घोष का नाम एबीएस इन्फोज़ोन से ईडी के अधिकारियों द्वारा जब्त किए गए आपत्तिजनक दस्तावेजों के बाद सामने आया था।यह एजेंसी राज्य में विभिन्न नगर पालिकाओं द्वारा भर्ती परीक्षा प्रक्रिया आयोजित करने के लिए आउटसोर्स की गई थी।

## मस्जिद के सामने पूजा की अनुमति देने पर तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**कोप्पल ,एजेंसी ।** कर्नाटक पुलिस विभाग ने कोप्पल में एक मस्जिद के सामने गणेश प्रतिमा की पूजा की अनुमति देने के लिए तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। जिला, पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गंगावती सिटी पुलिस स्टेशन से जुड़े इंस्पेक्टर अदिवेश गदिकोप्पा, पीएसआई कामन्ना और हेड कांस्टेबल मरियप्पा होसामानी को निलंबित किया गया है। यह आदेश जिले की एसपी यशोदा वंटागोडी ने जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि पुलिस कर्मियों ने तीन अक्टूबर को गणेश प्रतिमा के विसर्जन कार्यक्रम के दौरान कर्तव्य में लापरवाही दिखाई। निलंबित पुलिसकर्मियों के बारे में कहा गया है कि वे जामिया मस्जिद के सामने पूजा को रोकने में विफल रहे हैं।

### कनाडा को कम करने ही होंगे राजनयिक

# भारत अड़ा, कहा, आंतरिक मामलों में करते हैं हस्तक्षेप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने एक बार फिर से साफ लहजे में कहा है कि कनाडा को अपने राजनयिकों की संख्या कम करनी ही होगी। भारत का कहना है कि यहां उसके इतने राजनयिक होने चाहिए जितने की भारत के कनाडा में है। भारत इस मामले में बराबरी चाहता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा कि राजनायिकों के मामले को लेकर कनाडा के साथ बात जारी है और उनकी संख्या कम होगी। उन्होंने ये भी कहा कि कनाडा के राजनायिक भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं। बागची ने साप्ताहित प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि समानता को लेकर चर्चा हुई।



यहां (उनके) राजनयिकों की बहुत अधिक उपस्थिति है। वे हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं। यह सब देखते हुए, हमने अपनी–अपनी राजनयिक उपस्थिति में समानता की मांग की है। इसे हासिल करने के लिए चर्चा चल रही है। यह देखते हुए कि कनाडाई राजनयिकों की उपस्थिति यहां अधिक है, इसलिए हम मानते हैं कि इसमें कमी होगी।

यह पूछे जाने पर कि क्या कनाडाई राजनयिकों की संख्या में कमी से भारत में कनाडाई उच्चायोग द्वारा जारी किए जाने वाले वीजा की संख्या में कमी देखी जा सकती है? इस पर बागची ने कहा कि यह कनाडाई पक्ष पर निर्भर है कि वे उच्चायोग के कर्मचारियों के लिए किसे चुनते हैं।

हमारी चिंताएं राजनयिक उपस्थिति में समानता सुनिश्चित करने से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि भारत का प्राथमिक ध्यान दो चीजों पर है; कनाडा में ऐसा माहौल होना, जहां भारतीय राजनयिक ठीक से काम कर सकें और कूटनीतिक ताकत के मामले में समानता हासिल कर सकें।

# 800— द मूवी : एक क्रिकेट लीजेंड की असाधारण कहानी



मुंबई , क्रिकेट की दुनिया के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन की ऑन–फील्ड यात्रा के बारे में हम सभी जानते हैं। हर एक क्रिकेट प्रेमी ने कठिन टूर्नामेंटों के दौरान श्रीलंकाई स्पिनर मुथैया मुरलीधरन की प्रभावशाली गेंदबाजी देखी है, लेकिन यह पहली बार है जब दर्शकों को क्रिकेट के मैदान से बाहर इस लिविंग लीजेंड के वास्तविक संघर्षों की कहानी से परिचित कराया जा रहा है। जिसमें उत्पीडिन् , दुर्व्यवहार, हमला, धमकाने से लेकर सबकुछ सहने और खेल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला गेंदबाज बनने तक की यात्रा शामिल है। एक गरीब परिवार से आने वाले और दंगों से गुजरने वाले मुरलीधरन की कहानी को फिल्म ह्य800–द मूवीह्ण में दिखाया जाएगा। यह आपको सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी। फिल्म में मुथैया मुरलीधरन की पर्सनल और प्रोफेशनल जिंदगी को करीब से दिखाया जाएगा। आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पहले श्रीलंकाई खिलाड़ी की लाइफ की सच्ची घटनाओं पर आधारित, मधुर मित्तल द्वारा स्क्रीन पर निभाया गया यह स्पोर्ट्स ड्रामा सिर्फ क्रिकेट फैंस के लिए एक तोहफा नहीं है, बल्कि एक ऐसी कहानी भी है जो भावनाओं को व्यक्त करती है और बताती है किसी ऐसे व्यक्ति की हार्ट ब्रेकिंग कहानी जिसने चौंका देने वाली बाधाओं के बावजूद कुछ अनसुना हासिल किया। फिल्म की कहानी मुरलीधरन की लाइफ के कई पहलुओं को दर्शाती है। जिसमें जब अल्पसंख्यक तमिलों को निशाना बनाया गया था, उस समय मुरलीधरन क्या–क्या तकलीफें झेली होंगी, यह दिखाया जाएगा। बाद में उन्हें सबसे महान क्रिकेटरों में से एक के रूप में स्वीकार किया गया। फिल्म में यह भी दिखाया गया है कि कैसे मुरली को क्रिकेट में सांत्वना मिलती है। वह दबंगों के सामने खड़ा होता है और एक तेज गेंदबाज से क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला गेंदबाज बन जाता है। यह फिल्म तमिलों और सिंहली के बीच संघर्ष जैसे राजनीतिक मुद्दों पर भी गहराई से बताती है, जिसमें आतंकी हमले, राष्ट्रीयता का मुद्दा और भी बहुत कुछ है। मुरली, एक जातीय तमिल होने के बावजूद, श्रीलंकाई टीम और फैंस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित करते हैं और हर प्रतिकूल परिस्थिति से ऊपर उठकर एक प्रेरणादायक व्यक्ति बनाते हैं। फिल्म में शेन वार्न, अर्जुन रणतुंगा, कपिल देव जैसे दिग्गज क्रिकेटर भी शामिल हैं, जिनकी भूमिका अलग–अलग अभिनेताओं ने निभाई है।

## चोटिल मेसी विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना टीम में शामिल

ब्यूनस आयर्स । अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने बताया कि लियोनल मेसी को इस महीने के अंत में पराग्वे और पेरू के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की टीम में नामित किया गया है। अर्जेंटीना के कप्तान को एक अज्ञात मांसपेशी की चोट के बावजूद शामिल किया गया है, जिससे 36 वर्षीय इंटर मियामी फॉरवर्ड को मेजर लीग सॉकर क्लब के पिछले चार मैचों से बाहर रखा गया था। अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनल स्कालोनी ने पांच अनकैप्ड खिलाडि़यों,मार्कोस पेलेग्रिनो, लुकास एस्क्विवेल, कार्लोस अल्कराज, ब्रूनो जैपेली और फाकुंडो फारियास को बुलाया, लेकिन 34 सदस्यीय टीम में चोटों से उबर रहे एंजेल डी मारिया और लिसेंड्रो मार्टिनेज को शामिल नहीं किया गया है। अर्जेंटीना 12 अक्टूबर को ब्यूनस आयर्स में पराग्वे से और पांच दिन बाद लीमा में पेरू से भिड़ेगा। मौजूदा विश्व चैंपियन ने फुटबॉल के शोपीस टूर्नामेंट के 2026 संस्करण के लिए अपने क्वालीफाइंग अभियान की शुरुआत सितंबर में इक्वाडोर और बोलीविया पर जीत के साथ की थी।

## महेंद्र सिंह धोनी बने जियोमार्ट के ब्रांड एंबेसडर, 45 सेकेंड की फिल्म में आएंगे नजर

नई दिल्ली ,रिलायंस रिटेल के जियोमार्ट ने भारतीय क्रिकेट आइकन महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके साथ ही जियोमार्ट ने अपने फेस्टिव कैंपेन का नाम बदल कर ह्यजियो उत्सव, सेलिब्रेशन ऑफ इंडियाह्ण कर दिया है। यह फेस्टिव कैंपेन सेल 8 अक्टूबर, 2023 से शुरु होगी।

क्रिकेट के दीवानों में माही के नाम से मशहूर महेंद्र सिंह धोनी ने कहा, भारत अपनी जीवंत संस्कृति, लोगों और त्योहारों के लिए जाना जाता है, जियोमार्ट का ह्यजियो उत्सव कैंपेनह्ण भारत और उसके लोगों के उत्सव का एक प्रतीक है। मैं जियोमार्ट के साथ जुडने् और लाखों भारतीयों की खरीदारी यात्रा का हिस्सा बनने पर बेहद उत्साहित हूं।



धोनी का ब्रांड एंबेसडर के तौर पर स्वागत करते हुए जियोमार्ट के सीईओ, संदीप वरागंती ने कहा, ब्रांड एंबेसडर के रूप में एमएस धोनी एकदम सटीक पसंद हैं, उनका व्यक्तित्व जियोमार्ट की तरह ही विश्वसनीय है। धोनी ने देश को जश्न मनाने के कई मौके दिए हैं, और अब ग्राहकों को जियोमार्ट पर जश्न मनाने का एक और मौका मिल रहा है और ह्यशॉपिंगह्ण इस जश्न का एक अभिन्न अंग है।इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर फैशन और सौंदर्य से लेकर घरेलू सजावट के सामान जैसे लाखों उत्पाद जियोमार्ट पर उपलब्ध है। जियोमार्ट प्लेटफॉर्म पर अर्बन लैडर, रिलायंस ट्रेंड्स, रिलायंस ज्वेल्स, हैमलीज़ सहित रिलायंस के स्वामित्व वाले ब्रांडों के उत्पाद शामिल हैं।

जियोमार्ट के ई कॉमर्स प्लेट-फ़ॉर्म पर वर्तमान में 1000 से अधिक कारीगरों के करीब 1.5 लाख उत्पाद बेचे जा रहे हैं। इस कैंपेन की शूटिंग के हिस्से के रूप में, जियोमार्ट के सीईओ वरागंती ने धोनी को बिहार की कारीगर अंबिका देवी द्वारा बनाई गई एक मधुबनी पेंटिंग भेंट की। ब्रांड एंबेसडर के तौर पर धोनी 45 सेकेंड की फिल्म में नजर आएंगे।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच से पहले इंडिया को बड़ा झटका



नई दिल्ली , क्रिकेट के महाकुंभ विश्व कप 2023 का आगाज हो लगा है। भारतीय क्रिकेट टीम अपना पहले मैच 8 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने जा रही है। यह मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेला जाएगा। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम को तगड़ा झटका लगा है। दरअसल, भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाजी शुभमन गिल डेंगू की चपेट में आ गए हैं, ऐसे में गिल का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में खेलना मुश्किल नजर आ रहा है।

गौर हो कि शुभमन गिल इस समय बेहद शानदार फार्म में चल रहे हैं। पहले एशिया कप और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में गिल ने शानदार प्रदर्शन किया है। ऐसे में गिल का डेंगू की चपेट में आना भारतीय क्रिकेट टीम को बड़ा झटका है। कयास लगाए जा रहे हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैच में गिल टीम का हिस्सा नहीं लेंगे।

अगर शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच से बाहर होते हैं तो फिर भारतीय टीम में उनकी जगह ईशान किशन लेंगे। ईशान किशन मुख्य रूप से ओपनर हैं, लेकिन वो वर्ल्ड कप में मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज की भूमिका निभा रहे हैं।

# पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप का किया शानदार आगाज, नीदरलैंड्स को 81 रन से हराया

नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2023 के दूसरे मैच में पाकिस्तान ने नीदरलैंड्स को 81 रन से हराया दिया। इसके साथ ही पाकिस्तान ने जीत के साथ ही आगाज किया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने सभी विकेट खोकर 286 रन बनाए थे। वहीं, नीदरलैंड्स की टीम 41 ओवर में 205 पर बनाकर ऑल आउट हो गई। पाकिस्तान के 286 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड्स ने धीमी शुरुआत की। मैक्स ओ'डाड मात्र 5 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, विक्रमजीत सिंह ने अर्धशतक जड़ा। वह 52 रन बनाकर आउट हुए।

**बास डी लीडे का ऑलराउंड शो**

इसके बाद ऑलराउंडर बास डी लीडे ने मोर्चा संभाला और 67 रन की पारी खेली। डी लीडे के आउट होते ही नीदरलैंड्स की पारी संभल नहीं सकी और एक बाद एक विकेट गंवाए। पूरी टीम 41 ओवर में 205 रन बनाकर आल आउट हो गई। पाकिस्तान के लिए हारिस रउफ़ ने तीन विकेट लिए, जबकि हसन अली को दो विकेट मिले।

पाकिस्तान की पारी का हाल

बता दें कि साउद शकील (68) और मोहम्मद रिजवान (68) के अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप 2023 के दूसरे मुकाबले में नीदरलैंड्स को 287 रन का लक्ष्य दिया। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 49 ओवर में 286 रन पर ऑलआउट हुई।




पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण स्वीकार करने वाली पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। 38 रन पर उसके शीर्ष तीन बल्लेबाज फखर जमान (15), बाबर आजम (5) और इमाम उल हक (12) पवेलियन लौट गए थे। यहां से साउद शकील और मोहम्मद रिजवान ने पारी को संभाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 120 रन की शतकीय साझेदारी की।

# फिल्मी दुनियां

## एक कॉमेडी अभिनेता डेली सोप कर सकता है, लेकिन एक डेली सोप अभिनेता कॉमेडी नहीं कर सकता : सपना सिकरवार

सिटकॉम मे आई कम इन मैडम में कॉमेडी से अपने काम से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री सपना सिकरवार शो में कश्मीरा का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि एक कॉमेडी अभिनेता डेली सोप कर सकता है, लेकिन एक डेली सोप अभिनेता को कभी–कभी कॉमेडी भूमिकाएं निभाने में कठिनाई हो सकती है।

सपना टेलीविजन पर प्रसिद्ध कॉमेडी शो का हिस्सा रही हैं और अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के दौरान आज भी दर्शकों के बीच प्रासंगिक बनी हुई हैं।

हालांकि, ऐसे बहुत कम कलाकार हैं, जो कॉमेडी अभिनेता होने के नाते टाइपकास्ट होने को स्वीकार करते हैं, सपना इस विषय पर प्रकाश डालती हैं। उन्होंने एक डेली सोप और एक कॉमेडी सोप अभिनेता के बीच का अंतर बताया।



सपना ने कहा, कॉमेडी करना मुश्किल काम है, हर कोई ऐसा नहीं कर सकता, और मुझे खुशी है कि मुझे उन कुछ महिला कलाकारों में से एक के रूप में जाना जाता है जो कॉमेडी करती हैं। मेरा मानना है कि एक कॉमेडी अभिनेता डेली सोप कर सकता है। लेकिन, एक डेली सोप अभिनेता को कभी–कभी कॉमेडी करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने साझा किया, हालांकि, जिन शो का मैं हिस्सा रही हूं, मैंने कभी भी शैली की परवाह नहीं की, लेकिन चूंकि मैंने बहुत सारे कॉमिक शो किए हैं, इसलिए अब कॉमेडी मेरे जीवन का अभिन्न अंग बन गई है।

अभिनेत्री ने आगे कहा, चाहे आप किसी भी शो में हों, शिल्प और चरित्र ही मायने रखता है। मुझे खुशी है कि दर्शक कश्मीरा के रूप में मेरे काम को पसंद करते हैं और वे अब भी मुझे मे आई कम इन मैडम की कश्मीरा के रूप में पहचानते हैं।

उन्होंने आगे कहा, इससे मुझे खुशी होती है कि मैं अपने काम और अपने किरदार के जरिए लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाती हूं और उन्हें खुशी महसूस कराती हूं। मैं हमेशा अपना 100 प्रतिशत देने की कोशिश करती हूं, चाहे वह कोई भी किरदार हो।

शो में मैडम संजना के रूप में नेहा पेंडसे और साजन अग्रवाल के रूप में संदीप आनंद भी मुख्य भूमिका में हैं।

## जवान के बाद नयनतारा इस फिल्म में नजर आएंगी, मोशन पोस्टर जारी

साउथ की जानी–मानी अभिनेत्री नयनतारा को आजकल शाहरुख खान की फिल्म जवान में देखा जा रहा है। फिल्म ने दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है तो वहीं भारत में इसकी कमाई 600 करोड़ रुपये में शामिल हो गई है। जवान की सफलता के जश्न के बीच नयनतारा ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम मन्नानगट्टी है। निर्माताओं ने फिल्म का पहला मोशन पोस्टर जारी कर दिया है।

प्रिंस पिक्चर्स ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मन्नानगट्टी का मोशन पोस्टर जारी किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, पेश है लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनीत मन्नानगट्टी का फर्स्ट लुक मोशन पोस्टर।मन्नानगट्टी का निर्देशन ड्यूड विक्की द्वारा किया जा रहा है।

## 12वीं फेल का ट्रेलर जारी, दिल्ली के मुखर्जी नगर में आने वाले लाखों छात्रों की कहानी पर आधारित है फिल्म

अभिनेता विक्रांत मैसी कई फिल्मों में अपना दमखम दिखा चुके हैं। पिछले कुछ दिनों से वह फिल्म 12वीं फेल को लेकर चर्चा में हैं।यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि इसका निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा कर रहे हैं, जो मुन्ना भाई सीरीज और 3 इडियट्स जैसी शानदार फिल्में दर्शकों के बीच पेश कर चुके हैं।12वीं फेल का टीजर दर्शकों को पसंद आया था और अब इसका ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है।

ट्रेलर में यूपीएससी की तैयारी की झलक देखने को मिलती है।विक्रांत, मनोज कुमार शर्मा के किरदार में हैं, जो आईपीएस अधिकारी बनना चाहता है। इसी चाहत में वह चंबल के एक गांव से दिल्ली के मुखर्जी नगर में यूपीएससी की तैयारी करने आता है। इसमें दिखाया गया है कि




कैसे वह बार–बार परीक्षा में फेल होने के बावजूद आगे बढने् का जज्बा रखता है।ट्रेलर देख लगता है एक बढिय़ा प्रेरणादायी कहानी दर्शकों के बीच आने वाली है।यह फिल्म अनुराग पाठक के इसी नाम से आए लोकप्रिय उपन्यास पर आधारित है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह उपन्यास आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा की कहानी बताता है।12वीं फेल मनोज कैसे आईपीएस अधिकारी बन गए, फिल्म में उनका यह सफर दिखाया जाएगा।इस फिल्म की ज्यादातर शूटिंग दिल्ली के मुखर्जी नगर में हुई है, जहां से मनोज ने यूपीएससी की पढ़ाई की थी।यह फिल्म 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## भूमि पेडनेकर की बोल्डनेस ने उड़ाए होश, इतनी रिवीलिंग ब्रालेट पहने दिए किलर पोज



भूमि पेडनेकर अपने किलर हॉट लुक के कारण इन दिनों काफी चर्चा में बनी हुई हैं. एक्ट्रेस ने अपनी फिल्मों में हमेशा ही दमदारी अदाकारी से दर्शकों का खूब दिल जीता है. ऐसे में उनकी हर फिल्म के लिए चाहने वाले बेताब रहने लगे हैं. वहीं, एक्ट्रेस की किलर अदाएं भी हर दिन इंटरनेट का पारा हाई कर रही हैं. अब फिर से भूमि ने अपनी अदाओं से सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं.

लेटेस्ट फोटोशूट में भूमि ने चेन पर टिकी ब्रालेट के साथ जालीदार पैंट को पेयरअप किया है. एक्ट्रेस ने बहुत बेबाकी से अपने इस लुक को कैमरे के सामने फ्लॉन्ट किया है.

एक्ट्रेस ने इस लुक को सटल बेस, ग्लॉसी लिप्स और ग्लिटरी स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है. वहीं, उन्होंने बालों को ओपन रखा है और कानों में गोल्ड ईयररिंग्स पहने हैं.

भूमि इस लुक में बेहद हॉट और बेबाक दिख रही हैं. फैंस की नजरें उनके किलर लुक पर टिक गई हैं. चाहने वाले उनकी तारीफों के पुल बांधते थक नहीं रहे हैं. खासतौर पर भूमि के कर्वी फिगर ने भी सबका ध्यान खींचा है.

## करण जौहर ने किया कॉफी विद करण 8 का ऐलान, डिज्नी+ हॉटस्टार पर होगा प्रसारित

करण जौहर का चैट शो कॉफी विद करण अपने नए सीजन के साथ वापस आ रहा है।करण ने कॉफी विद करण के 8वें सीजन का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक मजेदार वीडियो साझा करते हुए इस खबर की जानकारी दी है।सामने आए वीडियो में करण खुद को रोस्ट करते हुए नजर आ रहे हैं।इसके साथ उन्होंने कॉफी विद करण 8 की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है।

करण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह कॉफी विद करण 8 का ऐलान करते नजर आ रहे हैं।इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, पता चला, मेरी अपनी अंतरात्मा भी मुझे ट्रोल करना चाहती है, लेकिन वह क्या सोचता है, इस पर ध्यान न दें, मैं अभी भी कॉफी विद करण का सीजन 8 बना रहा हूं। टीजर में करण के दो



वर्जन दिखाए गए हैं, एक करण जो टॉक शो होस्ट है और दूसरा कॉनशियस है। करण खुद को रोस्ट करते हुए नजर आ रहे हैं।

इस बार, चैट अधिक तीखी, क्रेजी और स्पष्ट होगी जिससे बहुत सारे खुलासे होंगे। इस सीजन में बातचीत शादियों, एयरपोर्ट लुक्स, सोशल मीडिया पर होगी। नए सीजऩ के बारे में बात करते हुए निर्देशक और शो एंकर करण ने कहा, हम सभी जानते हैं कि आप कॉफी विद करण के नए सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आपकी इच्छाएं सुनी गई हैं! सीजन 7 से जबरदस्त प्रतिक्रिया और बहुत सारे अनुमानों के बाद, इस सीजन में मैं अपने दोस्तों और आपकी पसंदीदा हस्तियों को कॉफ़ी काउच पर बिना फ़िल्टर वाली बातचीत के साथ उनके सीक्रेट्स उगलवाऊंगा।उन्होंने आगे कहा, डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर वापस आते हुए, कॉफी विद करण का नया सीजन बेहिचक चैट, कंपीटिटिव रैपिड फायर और बहुत सारी बातचीत से भरा होगा, जो हम सभी को पसंद है! तो इंतजार क्यों करें आइए कॉफी विद करण सीजन 8 बनाएं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com